राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 67, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 23 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

केजरीवाल सरकार से एमसीडी को मिल रहा पर्याप्त फंड : शैली ओबरॉय
.... पेज 03

जौनपुर : एआरटीओ विभागों का कर्मचारी ही खुलेआम उड़ा रहा है नियमों का धज्जियां
.... पेज 05

रफ्तार और रोमांच के इवेंट का हुआ आगाज, फाइनल रेस के साक्षी बन सकते हैं सीएम योगी
.... पेज 07

**नारी शक्ति वंदन**



संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के एक दिन बाद नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में 'नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम' के दौरान भाजपा समर्थक।

# बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस

## रमेश बिधूड़ी ने सांसद दानिश को उग्रवादी और आतंकवादी के साथ-साथ कई आपत्तिजनक शब्द बोले

नई दिल्ली। भाजपा ने बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर पार्टी सांसद रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### किस बयान पर मचा हंगामा?

संसद के विशेष सत्र में विभिन्न चर्चाओं के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्षी सांसदों के बीच जमकर बहस हुई। इस बीच बीते दिन लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता पर जब चर्चा हो रही थी तो भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिस पर हंगामा मच गया। रमेश बिधूड़ी ने अपना भाषण देते समय कहा कि पीएम को क्रेडिट देना ही होगा, क्योंकि उन्होंने काम किया है। इस बीच सांसद दानिश की आवाज सुनते ही बिधूड़ी भड़क गए और उन्हें उग्रवादी और आतंकवादी के साथ-साथ कई आपत्तिजनक शब्द बोले।

### सांसद दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र

संसद के विशेष सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली को अपशब्द कहे थे। जिसके बाद इस बयान को लेकर बवाल मच गया है। बसपा सांसद दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने का अनुरोध किया है।



### दानिश अली ने लिखा पत्र

बसपा सांसद दानिश अली ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा- मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस मामले को जांच और रिपोर्ट के लिए लोकसभा की प्रक्रिया और कामकाज के संचालन के नियमों के नियम 227 के तहत विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए।

### ओम बिरला ने दी चेतावनी

सदन में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नाराजगी जताई है और भविष्य में ऐसा व्यवहार दोहराए जाने पर उन्हें कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बता दें कि बिधूड़ी द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के तुरंत बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में खेद जताया था।

### बिधूड़ी के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई- जयराम रमेश

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी रमेश बिधूड़ी के बयान की निंदा की। जयराम रमेश ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माफी मांगी है, लेकिन वो काफी नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस भाषा का इस्तेमाल संसद के अंदर या बाहर नहीं किया जाना चाहिए। यह न केवल दानिश अली का नहीं, बल्कि हम सभी का अपमान है।

जयराम ने कहा कि बिधूड़ी जो कह रहे हैं, वह भाजपा की मंशा है, मुझे लगता है कि यह निलंबन का उपयुक्त मामला है और बिधूड़ी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### सांसद दानिश अली से मिलने पहुंचे राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सदस्य रमेश बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा सदस्य दानिश अली के साथ सदन में जो व्यवहार किया है वह अमर्यादित, अत्यंत शर्मनाक, ओछा और संसद की गरिमा पर कलंक है। गांधी ने शुक्रवार को बसपा सांसद के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। उन्होंने एक्स किया,नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान। अली से मिलने की जानकारी देते हुए गांधी ने कहा,बसपा सांसद दानिश अली जी से मिलने उनके निवास पर पहुंचा। कल भरी संसद में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली जी का अपमान किया था, उन्हें बेहद अमर्यादित और असंसदीय अपशब्द कहे थे तथा भाजपा के दो पूर्व मंत्री इस पर भद्दे ढंग से हंसते रहे। गांधी ने कहा, रमेश बिधूड़ी की यह शर्मनाक और ओछी हरकत सदन की गरिमा पर कलंक है। कांग्रेस देश भर के साथ लोकतंत्र के मंदिर में नफरत और घृणा की ऐसी मानसिकता के सख्त खिलाफ है।

### अधीर रंजन ने दानिश अली मुद्दे पर लिखा ओम बिरला को पत्र

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बहुजन समाज पार्टी के सदस्य दानिश अली पर भाजपा के रमेश बिधूड़ी की सदन में कई गई टिप्पणी को लेकर आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा और कहा कि भाजपा सांसद की टिप्पणी शर्मनाक है और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। चौधरी ने कहा कि संसद में इस तरह का शर्मनाक व्यवहार पहले कभी नहीं हुआ है। उन्होंने इसे अमर्यादित और संसद की गरिमा के खिलाफ बताया और कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को विधूड़ी के खिलाफ नियम के तहत सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# महिला आरक्षण, ओबीसी को लेकर राहुल ने साधा मोदी पर निशाना

## महिलाओं को आरक्षण देने का इस सरकार का फिलहाल कोई इरादा नहीं है

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा निशाना साधते हुए आज उनकी सरकार को (अन्य पिछड़ा वर्ग) ओबीसी और महिला विरोधी बताते हुए कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण विधेयक संसद में पारित करवा तो दिया है लेकिन इसे अभी वह लागू नहीं कर रहे है। गांधी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में विशेष सत्र के आयोजन की सराहना की लेकिन कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को लाकर इसे लागू करने की जो शर्तें रखी गई है वह चौंकाने वाली है और उससे साफ हो गया है कि महिलाओं को आरक्षण देने का इस सरकार का फिलहाल कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर के सबका ध्यान भटकने का काम हुआ है। यह विधेयक अभी लागू होने वाला नहीं है और 10 साल तक इसे लागू होने की संभावना नजर नहीं आ रही है।

उसके बाद भी क्या होगा इस बारे में भी अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। कारण इसके क्रियान्वयन से पहले जनगणना होनी है और उसके बाद परिसीमन होना है इस तरह से यह विधेयक तत्काल लागू नहीं हो सकता।

# मणिपुर कोर्ट से 5 आरोपियों को जमानत

## गिरफ्तारी के विरोध में पुलिस स्टेशनों-अदालतों पर हमले की कोशिश

इंफाल। मणिपुर की स्पेशल एनआईए कोर्ट ने 22 सितंबर को अत्याधुनिक हथियार रखने और पुलिस की वर्दी पहनने के आरोप में गिरफ्तार पांच आरोपियों को जमानत दे दी। आरोपियों को जमानत शर्तों के साथ 50 हजार रुपए का पर्सनल बॉन्ड भरने के बाद मिली है।

कोर्ट ने कहा कि सभी आरोपियों को हर 15 दिन में जांच अधिकारी के सामने पेश होंगे और कोर्ट की अनुमति के बिना राज्य नहीं छोडेंगे। उधर, मणिपुर सरकार ने एक आदेश जारी कर कहा कि सभी ग्रुप 15 दिनों के भीतर हथियार सरेंडर कर दें।



### 16 सितंबर को हुई थी गिरफ्तारी

मणिपुर पुलिस ने पांचों आरोपियों को 16 सितंबर को गिरफ्तार किया था। इनकी पहचान मोइरांगथेम आनंद सिंह (45), अथोकपम काजीत उर्फ किशोरजीत (39), लौक्राकपम माइकल मंगांगचा (30), कोन्थौजम रोमोजीत मेइतेई (28) और कीशम जॉनसन (35) के रूप में हुई।

गिरफ्तारी के बाद से ही लोग आरोपियों की बिना शर्त रिहाई की मांग में प्रदर्शन कर रहे थे।

उनका कहना है कि पुलिस ने स्वयंसेवकों को झूठे आरोप में गिरफ्तार किया है। गुरुवार यानी 21 सितंबर को भीड़ ने पुलिस स्टेशनों और अदालतों पर हमला करने की कोशिश की।

इस दौरान सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और स्टंट बम दागे। इसमें 10 से अधिक लोग घायल हो गए। सावधानी के तौर पर राज्य सरकार ने इंफाल के दोनों जिलों में शाम पांच बजे से कर्फ्यू में ढील रद्द कर दी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, छह स्थानीय क्लबों और मीरा पैबिस के आह्वान पर हाथों में तख्तियां लिए और नारे लगाते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर आ गए।

इन लोगों ने इंफाल पूर्व में पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन और इंफाल पश्चिम जिले में सिंगजामेई पुलिस स्टेशन और क्वाकीथेल पुलिस चौकी में घुसने की कोशिश की। वहीं, पुलिस और RAF कर्मियों ने भीड़ को हटाने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे।

## जनता दल (एस) राजग में शामिल

नयी दिल्ली। महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में आरक्षण दिलाने वाले संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के अगले दिन शुक्रवार को जनता दल सेकुलर (जद 'एस') ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की घोषणा की। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद(एस) नेता एच.डी.कुमारस्वामी ने जगत प्रकाश नड्डा और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के बाद नड्डा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद(एस) नेता एच.डी.कुमारस्वामी से हमारे वरिष्ठ नेता एवं गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में मुलाकात हुई।

**विरोध प्रदर्शन**



भुवनेश्वर में अपनी मांगों को पूरा करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मानसून सत्र के पहले दिन ओडिशा विधानसभा के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश, दिल्ली-एनसीआर में सभी पटाखों पर प्रतिबंध

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रदूषण के स्तर के मद्देनजर शुक्रवार को राजधानी में कम प्रदूषण वाले पटाखों (ग्रीन पटाखे) सहित सभी पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया।

न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में फायरक्रैकर एसोसिएशन द्वारा दायर आवेदन को खारिज करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर) में पटाखों के निर्माण और उपयोग की अनुमति नहीं दे सकती।



शीर्ष अदालत ने राजधानी में पटाखे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने में दिल्ली पुलिस की विफलता पर भी सवाल उठाया था।

एसोसिएशन ने अपनी याचिका में ग्रीन पटाखों में बेहतर बदलाव के साथ बेरियम नामक रसायन को शामिल कर पटाखे की अनुमति देने की गुहार लगाई थी। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन राज्यों में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं है, वहां लोग निर्धारित नियमों के अनुसार अपेक्षाकृत ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल कर सकते हैं। अदालत का यह आदेश दीपावली के दौरान प्रदूषण के स्तर और अस्थमा एवं अन्य मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बेहद खास है।

शीर्ष अदालत ने दोहराया कि पटाखों में बेरियम-आधारित रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले उसके पहले के आदेश दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेंगे।

## पाकिस्तान के 350 हिंदू-सिखों की अस्थियां का गंगा में विसर्जन की तैयारी

नयी दिल्ली। पाकिस्तान के करीब 350 हिंदू-सिखों सहित भारत के हजारों अस्थि कलशों का विसर्जन आठ अक्टूबर को उत्तराखंड के हरिद्वार में मोक्षदायनी गंगा में वैदिक मंत्रोच्चार बीच किया जाएगा। श्री देवोत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल नरेन्द्र ने शुक्रवार को यहां बताया कि अस्थि कलश यात्रा दिल्ली के आईटीओ से सात अक्टूबर को हरिद्वार के लिए रवाना होगी। अगले दिन अस्थि कलशों को वैदिक रीति से 100 किलो दूध की धारा के साथ सतीघाट (कनखल में) पर पवित्र गंगा नदी में प्रवाहित किया जाएगा। समिति के राष्ट्रीय महामंत्री एवं यात्रा संयोजक विजय शर्मा ने बताया कि यह 22वीं अस्थि कलश यात्रा होगी, जिसकी तैयारियों में अनेक समाज सेवी जुटे हुए हैं।

# खड़े ट्रक में घुसा दूसरा ट्रक, 4 की मौत

जबलपुर। जबलपुर- रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े ट्रक में तेज रफ्तार ट्रक घुस गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को सिहोरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों में तीन लोग कटनी और एक शख्स जबलपुर का रहने वाला है। हादसा गुरुवार देर रात करीब 2 बजे हुआ।

एसडीओपी पारुल शर्मा ने बताया कि ट्रक जबलपुर से कटनी की तरफ जा रहा था। गोसलपुर थाना क्षेत्र के मोहतरा टोल प्लाजा के 200 मीटर आगे स्थित ढाबे पर ट्रक ड्राइवर ने चाय पीने के लिए गाड़ी रोकी। ट्रक में प्रकाश बर्मन, संदीप बर्मन, शिवम कुशवाहा, संदीप उपाध्याय और पवन कुशवाहा मौजूद थे। पांचों सड़क किनारे ट्रक के पीछे खड़े होकर बातें करने लगे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक के ड्राइवर ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। ट्रक की चपेट में आने से संदीप बर्मन, शिवम कुशवाहा, प्रकाश बर्मन और संदीप उपाध्याय की मौत हो गई। वहीं, पवन कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया।



# महिला आरक्षण जैसे कानून बनाने के लिए पूर्ण बहुमत की मजबूत सरकार जरूरी : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम को उभरते भारत की लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का प्रतीक करार दिया है और चेताया है कि देश को आगे ले जाने के लिए ऐसे निर्णायक कानून बनाने में सक्षम पूर्ण बहुमत वाली मजबूत सरकार बहुत आवश्यक है।

मोदी ने आज सुबह यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यी बात कही। मोदी के सुबह भाजपा मुख्यालय में पहुंचने पर बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने श्री मोदी का फूल बरसा कर भव्य स्वागत किया।

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनती श्रीनिवासन ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। पार्टी मुख्यालय में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सभी महिला मंत्री और पार्टी की सभी महिला सांसद भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं ने मोदी को एक बड़ी सी माला पहना कर उनका अभिनंदन किया। मंच पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी भी मौजूद थीं।



प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम में उपस्थित महिला वृंद को संबोधित करते महिला आरक्षण विधेयक के सर्वसम्मति से पारित होने को एक ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह देश के लिए एक विशेष क्षण, भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष दिन है।

उन्होंने कहा, मैं आज देश की हर माता को, बहन को, बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसो हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है और हम सबका सौभाग्य है कि ये इतिहास बनाने का अवसर कोटि-कोटि जनों ने हमें दिया है। आने वाली अनेकों पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिवस की चर्चा होगी।

**आतंकवादी गतिविधि**

## टेरर फंडिंग केस में दहशतगर्दों को गिरफ्तारी से बचाने का आरोप, 5 लाख रुपए रिश्वत भी ली

# श्रीनगर में आतंकियों का मददगार डीएसपी गिरफ्तार

**एजेंसी**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों की मदद करने के आरोप में गुरुवार को सस्पेंडेड डीएसपी आदिल मुश्ताक को गिरफ्तार किया है। शेख आदिल पर आतंकवादी गतिविधि में शामिल एक आरोपी मुजामिल जहूर से 5 लाख रिश्वत लेने और एक अन्य पुलिस अधिकारी को फंसाने का आरोप है।

डीएसपी आदिल मुजामिल जहूर से लगातार संपर्क में था। वह उसे टेरर फंडिंग केस में लगातार बचाने की कोशिश में लगा हुआ था। पुलिस को आदिल और मुजामिलके बीच टेलीग्राम ऐप पर चैट और करीब 40 बार फोन पर बातचीत के रिकॉर्ड भी मिले हैं। श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शेख आदिल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। इनमें झूठे सबूत देना और सबूत नष्ट करना भी शामिल है।

### अन्य पुलिस अफसर को फंसाने में डीएसपी से सहयोग किया

दरअसल, टेरर फंडिंग केस में इसी साल फरवरी महीने में पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 31 लाख रुपए जब्त किए गए थे। तीनों ने पूछताछ के दौरान मुजामिल जहूर के नाम का खुलासा किया था। जांच के दौरान डीएसपी आदिल और मुजामिल जहूर के बीच संपर्क का खुलासा हुआ। मार्च में डीएसपी आदिल को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं पुलिस मुजामिल की तलाश कर रही थी। इस बीच उसने जुलाई में मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज करा दिया।



केस दर्ज कराने के 4 दिन बाद मुजामिल को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पता चला कि मुजामिल ने जिस पुलिस अफसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी, उसकी शिकायत भी डीएसपी शेख आदिल ने ही ड्राफ्ट की थी। इतना ही नहीं, मुजामिल को गिरफ्तारी से बचाने के लिए शेख आदिल उसे कानूनी सलाह भी दे रहा था।

### मजिस्ट्रेट ने आदिल को छह दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा

शेख आदिल कश्मीर के बारामूला जिले का रहने वाला है और जम्मू-कश्मीर पुलिस के 2015 बैच का अधिकारी है। श्रीनगर पुलिस ने बताया कि डीएसपी आदिल के खिलाफ पहले भी जबरन वसूली और महिलाओं को ब्लैकमेल करने का आरोप लगा था। गुरुवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेशी के बाद उसे 6 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। स्क्वॉड्ड की पांच सदस्यीय टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।

नई दिल्ली
शनिवार 23 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## लोकसभा चुनाव के बाद 'इंडिया' गठबंधन के नेता लेंगे प्रधानमंत्री पद का फैसला



मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने आज कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया (आई एन डी आई ए) गठबंधन के नेता मिलकर प्रधानमंत्री पद का फैसला लेंगे। येचुरी ने नालंदा के राजगीर में आयोजित पार्टी के तीन दिवसीय शिविर के अंतिम दिन भाग लेते हुए कहा कि साल 2004 के लोकसभा चुनाव के दौरान इसी तरह विपक्ष में प्रधानमंत्री के चेहरा पर सवाल उठा था। बाद में विकल्प के रूप में मनमोहन सिंह आए और 10 वर्षों तक वे प्रधानमंत्री के पद पर रहे।

# शार्ट न्यूज

## ओटीपी शेयरिंग घोटाले में एक गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा में विशेष टॉस्क बल (एसटीएफ) ने ओटीपी शेयरिंग घोटाले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असम के नागांव जिले के गंडुआ पथार के मोहम्मद एकबाल हुसैन को 19 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। उसे असम के नागांव में एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया और पांच दिन की ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद उसे भुवनेश्वर लाया गया। उसे भुवनेश्वर अदालत में पेश किया जाएगा। इससे पहले इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि एकबाल हुसैन अन्य आरोपी अभिजीत देशमुख और पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी खुर्रम उर्फ अब्दुल हामिद के भी संपर्क में था। वह कई व्हाट्सएप अकाउंट ओटीपी, टेलीग्राम अकाउंट ओटीपी और म्यूल/घोस्ट अकाउंट सीधे हामिद को बेचता था। मुख्य आरोपी पठानी सामंत लेंका और उसके साथियों की गिरफ्तारी के बाद आरोपी मोहम्मद इकबाल हुसैन ने अपना फोन बंद कर दिया और भूमिगत हो गया। एकबाल ने अपना अपराध कबूल किया और कहा कि वह पिछले दो वर्षों से व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, फर्जी सक्रिय सिम, म्यूल और घोस्ट खातों के ओटीपी बेच रहा है और प्रति माह 50,000 रुपये से 60,000 रुपये कमा रहा है।

## उप्र पुलिस का सिपाही उत्तराखंड में स्मैक तस्करी करते हुए गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड में एक बड़ी घटना सामने आयी है। यहां उत्तर प्रदेश पुलिस का एक जवान अपने दो साथियों के साथ एक किलो से अधिक स्मैक के साथ गिरफ्तार हुआ है। नैनीताल पुलिस के लिये इसे बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा ने हल्द्वानी में शुक्रवार को इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और नैनीताल एसओजी को स्मैक की बड़ी मात्रा में तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद लालकुआं कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा की अगुवाई में गुरुवार रात को एक टीम ने लालकुआं के सुभाष नगर बैरियर पर जाल बिछा दिया। इसी दौरान बरेली की ओर से मोटर साइकिल सख्या यूके-19 8276 से आ रहे तीनों तस्कर पुलिस जाल में फंस गये। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों से 1.075 किलो स्मैक बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में मोरपाल निवासी दुनका आनंदपुर, जिला बरेली, उप्र, अर्जुन पांडे निवासी आजादनगर बरेली, उप्र और रवीन्द्र सिंह निवासी सिलाना, बागपत, उप्र शामिल है।

## टिहरी के हर ब्लॉक में खुलेगा पुस्तकालय

**नयी टिहरी, उत्तराखंड ।** सोशल मीडिया के कारण पुस्तकों से मोहभंग जैसी स्थिति के बीच टिहरी जिला प्रशासन ने हर एक ब्लॉक में एक पुस्तकालय खोलने और दूरस्थ क्षेत्र के स्मार्ट गांव को कंप्यूटर से लैस करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। टिहरी जिला सूचना कार्यालय के अनुसार जिला अधिकारी मयूर दीक्षित ने यहाँ जिला खनिज फाउंडेशन न्यास की समीक्षा बैठक के दौरान यह जानकारी दी। श्री दीक्षित का पुस्तकों तथा पुस्तकालय से गहरा लगाव है और यही कारण है कि वह टिहरी के पहले जिलाधिकारी है जिन्होंने पुरानी टिहरी के बांध की झील में डूबने के बाद नई टिहरी शहर में शायद पहली बार पिछले दिनों शहर में स्थित 100 साल पुरानी श्रीदेव सुमन लाइब्रेरी का दौरा करके जताया है कि पुस्तकों के प्रति पाठकों एवं प्रशासन का प्रेम कम नहीं हुआ है। दीक्षित ने कहा कि लोगों में पढ़ने की इच्छा शक्ति विकसित की जानी चाहिए और इसके लिए ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों को पुस्तकालय का निर्माण करना चाहिए ताकि वहां जाकर के लोग पढ़ने की अपनी ललक को पूरा कर सके। उन्होंने स्वास्थ्य जैसी जरूरी सुविधाएं लोगों को देने के लिए भी अधिकारियों को ध्यान देने का निर्देश दिया।

## तेलंगाना को तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात , 24 सितंबर से चलेगी नयी ट्रेन

हैदराबाद। तेलंगाना से तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस काचीगुडा ( हैदराबाद) और यशवंतपुर (बेंगलुरू) के बीच 24 सितंबर से शुरू होगी। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री एवं तेलंगाना प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली से वंदे भारत एक्सप्रेस का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन समारोह दोपहर 12.30 बजे काचीगुडा में होगा। इस समारोह में तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन और अन्य गणमान्य हस्तियां मौजूद रहेंगी। इससे पहले सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम और सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की गयी थी। काचीगुडा-यशवंतपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस काचीगुडा से प्रतिदिन (बुधवार को छोड़कर सुबह 05: 30 बजे रवाना होगी तथा महबूबनगर , कुरनूल सिटी और अनंतपुर होते हुए 14.15बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन दोपहर 15: 00 बजे यशवंतपुर से छूटेगी और 23.15 बजे काचीगुडा पहुंचेगी। यह ट्रेन रविवार को अलग मार्ग पर फलकनुमा, वाजानगर, शादनगर, जडचार्ला, देवरकद्रा, गडवाल, डॉन, पेंडेकल्लू जंक्शन, गुट्टी, कल्लूर, धर्मावरम जंक्शन, पेनुगोंडा, रंगेपल्ली, हिंदूपुर, थोंडेबावी और येलहंका जंक्शन से होकर गुजरेगी ।

## नेवा तकनीक से वैधानिक प्रक्रियाएं आम लोगों तक आसानी के साथ पहुँचेंगी: संधवां

चंडीगढ़। नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन के प्रयोग से वैधानिक प्रक्रियाएं आम लोगों तक आसानी के साथ पहुंचेंगी और सदन की कार्रवाई का सीधा प्रसारण लोकतंत्रीय प्रक्रियाओं में जवाबदेही और विश्वास को उत्साहित करेगा। पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने शुक्रवार को बताया कि पंजाब विधानसभा में चल रही दो दिवसीय नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के आज आख़िरी दिन पंजाब विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों को नयी डिजिटल तकनीक के प्रयोग सम्बन्धी पाँच अलग-अलग सेशनों के द्वारा विस्तार में जानकारी दी गई। संधवां ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान पंजाब विधानसभा के नोटिस आफिस, नोटिस सेक्शन और डिजिटल कार्यसूची, प्रश्न शाखा और अनुवाद शाखा, विधानसभा की कमेटियों के आनलाइन हाउस कमेटी मॉड्यूल आदि से सम्बन्धित कामकाज नयी तकनीक के साथ करने के बारे विस्तार में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान नयी तकनीक के अंतर्गत प्रश्नों के उत्तर, नोटिसों के जवाब, बिल, मेज़ पर रखे जाने वाले कागज़ पत्र और सदन की कमेटियों के जवाबों के इलावा लम्बित रिपोर्टों, आनलाइन एजेंडे और दस्तावेज़ आदि समूचा कार्य डिजिटल तरीके से करने के बारे भी प्रशिक्षण दिया गया।

## कांग्रेस सरकार में अपराधियों को संरक्षण का आरोप

**अलवर ।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार में अपराधियों एवं भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। सावंत आज भिवाडी में भारतीय जनता पार्टी द्वारी जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अपराधों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। दलित अपराध बढ़ गए हैं, गैंगरेप बढ़ गए हैं राजस्थान में अलवर पहले नंबर पर आ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में साधु संतों और पुजारी की हत्या भी खुलेआम हो रही है। मंदिरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अलवर की हरीश जाटव, योगेश जाटव की हत्या का मामला भी हुआ था लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं कि आखिर में हरीश जाटव के पिता को आत्महत्या करनी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपीए के नाम से विपक्षी दलों ने अब इंडिया नाम रखा है जो सनातन धर्म को खत्म करने की बात करता है। उन्होंने कहा कि नाम बदलने से कुछ नहीं होगा जब तक नीति और नियत में बदलाव नहीं हो। उनकी नियत और नीति में कोई बदलाव नहीं है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में परिवर्तन यात्रा सभी विधानसभा क्षेत्र में चल रही है और भरपूर से हो मिल रहा है। इस सहयोग से ऐसा तय हो गया है कि अब राजस्थान में जनता बदलाव चाहती है और डबल इंजन की सरकार लाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री आजादी का अमृत कल चल रहा है ऐसे में यह साफ दिखाई देता है कि 60 साल में जो काम नहीं हुआ उसे आजादी के अमृत काल में काम हुआ है।

# चीन ने भारतीय खिलाड़ियों की एंट्री रोकी

## एशियन गेम्स में वुशू खेलने जाना था; भारतीय खेल मंत्री ने चीन दौरा रद्द किया

**नई दिल्ली।** चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन वुशू खिलाड़ियों के 19वें एशियन गेम्स में हिस्सा लेने के लिए देश में एंट्री पर रोक लगा दी है। भारत ने चीन के इस कदम का विरोध किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा- भारतीय नागरिकों के प्रति चीन के भेदभावपूर्ण व्यवहार को हम खारिज करते हैं। चीन की कार्रवाई एशियन गेम्स की भावना, इवेंट के नियमों का उल्लंघन है। उधर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियन गेम्स में शामिल होने के लिए अपना चीन दौरा रद्द कर दिया है।




उधर, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं चीन के इस फैसले की निंदा करता हूं। अरुणाचल प्रदेश विवादित क्षेत्र नहीं है, बल्कि भारत का अभिन्न अंग है। चीन के इस कदम से राज्य की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आएगा। चीन के इस कदम पर इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी को रोक लगानी चाहिए।

### पूरा मामला क्या है

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को चीन के हांगझोऊ शहर में 19वें एशियन गेम्स में 24 सितंबर को होने वाले वुशू गेम में हिस्सा लेना था। तीनों खिलाड़ियों के नाम न्येमान वांग्सू, ओनिलु तेगा और मेपुंग लाम्गु हैं।

एशियन गेम्स 2023 की इवेंट कमेटी ने खेल में भाग लेने के लिए मंजूरी दे दी थी। दो एथलीट अपने एक्रेडेशन कार्ड डाउनलोड नहीं कर पाए, जो चीन में एंट्री के लिए वीजा के रूप में काम करता। तीसरे एथलीट को एक्रेडेशन कार्ड मिल गया था। बाद में चीन की ओर से बताया गया कि उसे हॉन्गकॉन्ग से आगे यात्रा करने की अनुमति नहीं है।

एशियन गेम्स में वुशू इवेंट 24 सितंबर से शुरू हो रहा है। तीनों खिलाड़ियों को 24 सितंबर तक हांगझोऊ में रहना था, लेकिन वीजा में देरी होने की वजह से उन्हें एशियन गेम्स से बाहर होना पड़ा। वुशू टीम के बाकी प्लेयर चीन के लिए रवाना हो गए हैं।

# त्रिपुरा में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत आयी कमी : पुलिस

अगरतला। त्रिपुरा में पिछले साढ़े तीन वर्षों के दौरान वाहनों की संख्या में 20 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुयी है, लेकिन इसके बावजूद सड़क यातायात दुर्घटना में लगभग 50 प्रतिशत की कमी आई है। पुलिस ने शुक्रवार को यहां एक बयान में यह जानकारी दी।

पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मिशन मोड पर अपने विशेष अभियान की सफलता का दावा करते हुए कहा कि दुर्घटना स्थलों के वैज्ञानिक मूल्यांकन और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के पुनर्मूल्यांकन के अलावा राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर दुर्घटनाओं के समय की पिछले महीने समीक्षा की गई है। इसके अलावा बैरिकेड लगाना , चरणबद्ध गश्त और लाइन विभागों के साथ जागरूकता अभियान चलाने जैसी गतिविधियों सहित एक बहुआयामी दृष्टिकोण ने बेहतर परिणाम दिए हैं।

पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया, ऐसी सभी समन्वित कार्रवाई के बाद पिछले महीने में सड़क यातायात दुर्घटना में 60 प्रतिशत की कमी देखी गई है और घायलों की संख्या में भी 50 प्रतिशत की कमी आई है। बयान में कहा गया है कि अगर सड़क उपयोगकर्ताओं द्वारा यातायात नियमों और दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जाता है, तो इसमें और कमी आएगी।

## तेलंगाना शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक रिश्वत लेते गिरफ्तार

हैदराबाद। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने तेलंगाना के हैदाराबाद में स्कूल शिक्षा के क्षेत्रीय निदेशक का कार्यालय से सहायक निदेशक (एडी) और अन्य दो लोगों को 80,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी ने विज्ञप्ति के अनुसार शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक गुरुवार शाम लगभग पांच बजे हैदराबाद में स्कूल शिक्षा के क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक के कार्यालय में सहायक निदेशक ऐसोला साई पूर्णचंद्र राव को उस समय रंगे हाथों रिश्वते लेते हुए पकड़ा जब उन्होंने अपने ही कार्यालय के अधीक्षक डोडी जगजीवन के माध्यम से शिकायतकर्ता के शेखर से 80,000 रुपये की रिश्वत ली।

एसीबी की विज्ञप्ति के मुताबिक रिश्वत का उद्देश्य स्कूल को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) मानकों के अनुरूप अपग्रेड करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने की फाइल की प्रक्रिया में तेजी लाना था। शिकायतकर्ता का स्कूल आर.आर. जिले के फारूकीनगर मंडल में स्थित है।

सहायक निदेशक के कब्जे से 80,000 रुपये की रिश्वत की राशि बरामद की गई और नोटों पर उनकी उंगलियों के निशान भी मिले हैं।

गत 29 अगस्त और 12 सितंबर को पहले की घटनाओं में एक अन्य आरोपी कनिष्ठ सहायक सतीश ने भी रिश्वत की मांग की थी तथा शिकायतकर्ता को राजद कार्यालय में फाइल में संशोधन करने और आगे बढ़ाने के लिए रिश्वत देने और दो अन्य अधिकारियों से मिलने को कहा था।

## उपायुक्त ने जेल परिसर का निरीक्षण कर बंदियों को नशा मुक्ति का दिया संदेश

सिरसा। हरियाणा में सिरसा जिले के उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शुक्रवार को नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत स्थानीय जिला जेल परिसर में लगाए गए नशा मुक्ति कैंप का निरीक्षण कर बंदियों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर में बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं का भी जायजा लिया। गुप्ता ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा एक सितंबर से 'ड्रग फ्री हरियाणा' के उद्देश्य से एक साइकिल यात्रा शुरु की है। यह यात्रा प्रत्येक जिले में जाकर नागरिकों को नशे से दूर रहने के प्रति प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा के इस महा यज्ञ में हम सभी को मिलकर आहुति डालने की जरूरत है। नशे की वजह से बहुत से परिवार बिखर गए हैं।

# मीरवाइज चार साल से अधिक समय के बाद 'नजरबंदी' से रिहा

एजेंसी

**श्रीनगर।** चार साल से अधिक समय के बाद जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक को 'नजरबंदी' से रिहा कर दिया गया और वह श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शुक्रवार की नमाज का नेतृत्व भी करेंगे।

पता चला है कि अधिकारियों ने मीरवाइज फारूक को 'हाउस डिटेंशन' (नजरबंदी) से रिहा कर दिया है और उन्हें शुक्रवार की नमाज का नेतृत्व करने की अनुमति भी दे दी है।

मीरवाइज के करीबी सहयोगियों ने कहा कि यहां निगीन में उनके घर के



आसपास तैनात पुलिसकर्मियों को आज सुबह हटा दिया गया और उन्हें उनकी रिहाई के बारे में सूचित किया गया।

इत्तेफाक से मीरवाईज की रिहाई तब सामने आई है जब कुछ दिनों पहले उन्होंने नजरबंदी से रिहाई की मांग करते हुए जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का रुख किया था। मीरवाइज मंजिल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, चार साल (212 शुक्रवार के बाद) को अवैध और मनमानी कैद के बाद मीरवाइज आज शुक्रवार की सामूहिक प्रार्थना करेगा तथा जामा मस्जिद श्रीनगर में धर्मोपदेश देगा।

शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के लिए पुराने श्रीनगर में स्थित ऐतिहासिक मस्जिद का दौरा किया। अलगाववादी नेता मीरवाइज, जो मुख्य मौलाना भी हैं, चार अगस्त, 2019 से ही अपने 'घर में नजरबंदी' में हैं। नजरबंदी के ठीक अगले ही दिन यानी पांच अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।


# घोटाला मामला रद्द करने संबंधी चंद्रबाबू की याचिका खारिज

एजेंसी

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने कौशल विकास घोटाला मामले को रद्द करने को लेकर तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की याचिका शुक्रवार को रद्द कर दी।

न्यायमूर्ति के. श्रीनिवास रेड्डी ने श्री नायडू की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि न्यायालय इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा।

न्यायालय ने इस मामले में नायडू तथा



अपराध जांच विभाग के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया। इस बीच एसीबी अदालत ने जेल में बंद श्री नायडू को दो दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सीआईडी ने हालांकि अदालत से नायडू को पांच दिन के लिए हिरासत में भेजने की गुहार लगायी थी। अब सीआईडी के अधिकारी उनसे दो दिनों तक इस मामले में पूछताछ करेंगे। एसीबी अदालत ने सीआईडी के अधिकारियों को नायडू से राजमुंदरी केंद्रीय कारावास में ही सवाल-जवाब करने को कहा है।

एसीबी अदालत ने सीआईडी अधिकारियों को नायडू के वकीलों की मौजूदगी में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक पूछताछ करने का निर्देश दिया। साथ की पूछताछ के बाद आभासी माध्यम में श्री नायडू को अदालत में पेश करने का निर्देश भी दिया।

उल्लेखनीय है कि सीआईडी ने अपनी रिमांड रिपोर्ट में कहा कि राज्य सरकार द्वारा दी गयी 371 करोड़ रुपये की राशि निजी कंपनियों द्वारा छह कौशल विकास समूहों पर किया गया था। नायडू को नौ सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद एसीबी अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

# अभिषेक के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न करे ईडी

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित स्कूलों में कथित शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने के लिए शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय को निर्देश दिये। न्यायाधीश तीर्थंकर घोष की एकलपीठ ने ईडी को ईसीआईआर के आधार पर बनर्जी के खिलाफ कठोर कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया। एकलपीठ ने कहा कि ईडी द्वारा पेश किए गए सबूत टीएमसी नेता की गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त नहीं है। साथ ही कहा कि सरकारी और सरकार प्रायोजित स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं के मामले में उनके खिलाफ जांच जारी रहेगी। न्यायालय ने हालांकि ईडी की ईसीआईआर पर फैसला नहीं सुनाया, जो कि श्री बनर्जी के खिलाफ ईडी द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के समान है।

## रोडवेज कर्मचारियों ने प्रधान सचिव का पुतला फूंक किया प्रदर्शन

सिरसा। सांझा मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को प्रदेशभर में परिवहन विभाग के प्रधान सचिव के पुतला दहन कार्यक्रम के तहत सिरसा में भी रोडवेज कर्मचारियों ने पुतला फूंक प्रदर्शन किया। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सिरसा डिपो के नेता पृथ्वी सिंह चाहर, रिछपाल सिंह संधू, सीता सिंह, अमरजीत सिंह, समुंदर सिंह घनघस की अध्यक्षता में डिपो गेट पर परिवहन विभाग के प्रधान सचिव का पुतला दहन किया गया। कर्मचारी नेता चाहर ने बताया कि परिवहन मंत्री के साथ 23 जून को हुई बातचीत में सहमति अनुसार मानी गई मांगों को लागू नहीं करके सरकार ने विश्वास घात व वायदाखिलाफी की है। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, लिपिकों-परिचालकों-चालकों का वेतनमान बढ़ाने, अर्जित अवकाश पहले की तरह लागू करने, कौशल रोजगार निगम भंग कर खाली पदों पर पक्की भर्ती करने, जोखिम भत्ता देने, डी ग्रुप कर्मचारियों को कोमन कैडर से बाहर निकाल प्रमोशन करने, सभी खाली पदों पर पदोन्नति करने आदि मांगों को लागू करने व निजीकरण के खिलाफ रोष का इजहार किया गया है।

## दस दिवसीय गांधी उत्सव का आयोजन शनिवार से

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में 23 सितंबर से 10 दिवसीय गांधी उत्सव का आयोजन किया जायेगा। गांधी उत्सव के समन्वयक अनन्त भटनागर ने बताया कि शहर के नागरिकों की पहल पर पिछले साल से प्रारंभ किया गया गांधी महोत्सव शुरू किया गया था। गांधी विचारों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस उत्सव का उद्घाटन शनिवार को प्रात: 9.30 बजे वैशाली नगर पेट्रोल पंप के पीछे द टर्निंग प्वाइंट स्कूल सभागार में होगा। सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं संस्कृति कर्मी शंकर सिंह इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे।

# त्रिपुरा में ड्रग तस्कर को 10 साल कैद की सजा

अगरतला। त्रिपुरा में गोमती जिले के जिला सत्र न्यायालय ने एक ड्रग डीलर को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने यह सजा पांच साल पहले नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज किए गए मामले में सुनाया। पुलिस के मुताबिक दोषी टूटन दास को 01 मई, 2019 को हेरोइन की खेप रखने के दौरान नटुनबाजार थाना क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया था। लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने सबूतों और परिस्थितियों के आधार पर उसे 10 साल की कैद और एक लाख रुपये का जुर्माना सुनाया। जुर्माना की राशि का भुगतान नहीं करने की वजह से उसे



अतिरिक्त छह महीने जेल में बिताना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पहले धलाई जिले की जिला सत्र अदालत ने एक ड्रग डीलर को पांच साल कैद की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील अरुण चंद्र भौमिक ने कहा, त्रिपुरा में एनडीपीएस अधिनियम के तहत 4,000 से अधिक लोगों के खिलाफ 350 से अधिक मामले हैं, जिनकी जांच चल रही है और यह सूची हर दिन लंबी होती जा रही है, लेकिन सजा बहुत कम पाई गई है। उन्होंने कहा, ज्यादातर मामलों में, जांच में प्रवाह और अपर्याप्त सबूतों का फायदा उठाकर आरोपी को अदालत से जमानत मिल जाती है। हालाँकि, हम फैसले की सराहना करते हैं और पूरी तरह से पुलिस तथा विशेष रूप से जांच अधिकारी को बधाई देते हैं, जिसने आरोपी व्यक्ति की सजा सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने बताया कि त्रिपुरा में युवा पीढ़ी का एक बड़ा हिस्सा नशीली दवाओं के जाल में फंस गया है, जिससे युवाओं में एचआईवी संचरण बढ़ रहा है और सामाजिक अव्यवस्था बहुत तेजी से पैदा हो रही है।

# शिमला व धर्मशाला स्मार्ट सिटी प्रोजेक्टों में धांधली

शिमला। हिमाचल प्रदेश के दो बड़े शहरों शिमला और धर्मशाला में स्मार्ट सिटी के तहत बन रहे प्रोजेक्टों में कथित धांधली और गुणवत्ता का मामला शुक्रवार को विधानसभा में गूंजा।

धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा और शिमला के विधायक हरीश जनारथा ने प्रश्नकाल के दौरान यह मामला उठाते हुए सरकार से जांच की मांग उठाई। शर्मा ने दोनों शहरों में बने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्टों की गुणवता पर सवाल खड़ा किया और धांधली की आशंका जताते हुए जांच के लिए एक कमेटी गठित करने की मांग उठाई।

शर्मा ने कहा कि स्मार्ट सिटी योजना कांग्रेस शासन के दौरान आई थी, उसके बाद भाजपा की सरकार आई और भाजपा शासन में इन प्रोजेक्टों का निर्माण हुआ। लेकिन इस दौरान इनकी गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया।

उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि धर्मशाला स्मार्ट सिटी योजना के तहत कुल कितनी धनराशि केंद्र से मिली



और उसमें से कितना बजट खर्च किया जा चुका है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मशाला स्मार्ट सिटी योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के तहत केंद्र सरकार से अभी तक 500 करोड़ रुपए का बजट आया है इस पर 490 करोड़ रुपए प्राप्त हुए है। इसमें से 396.75 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जा चुका है।

इसके जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में जहां पर भी धांधलियां हुई है लिख कर दें, सरकार जांच करेगी। उन्होंने कहा कि राजधानी शिमला तो स्टील स्मार्ट सिटी बन गया है। उस समय की सरकार ने अधिकारियों पर दबाव बनाकर ऐसे फैसले लिए जिससे इस शहर में स्टील के ढांचे खडे कर दिए गए हैं। हाल ही में बरसात में स्लाटर हाउस ध्वस्त हुआ, जिसका निरीक्षण कर उन्हें दुख हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पारदर्शी रूप से काम कर रही है और अगर विधायक धांधलियों व अनियमतिताओं को लेकर लिखकर शिकायत देंगे तो सरकार उनकी निश्चित तौर पर जांच करवाएगी।

वहीं, शिमला के विधायक हरीश जनार्था ने कहा कि शहर में निर्माणाधीन स्मार्ट सिटी प्रोजेक्टों से मलबा डंप हुआ है। शहर में डंपिंग साइटों पर मलबा डंप नहीं किया जा रहा है। इससे डैनेज सिस्टम प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में आई आपदा में स्मार्ट सिटी का भी रोल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्टों का निर्माण धीमी रफ्तार से रहा है। उन्होंने जानना चाहा कि कुछ प्रोजेक्ट रद्द कर दिए गए हैं और उनका पैसा कहां लगाया जा रहा है।

इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला शहर में स्टील वाले स्टरक्चर खड़ा करने पर रोक लगा दी गई है।

## हिमाचल में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह होगा बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 2026 तक कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा में शुक्रवार को विधायक चौतन्य शर्मा के प्रस्ताव के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। सरकार के अगले छह महीने के कार्यक्रम ग्रीन एनर्जी पर फोकस रहेंगे। हिमाचल प्रदेश ने इस बार मानसून की बारिश में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव देखा है। सुक्खू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने के लिए ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना ही होगा। सरकार एचआरटीसी बसों को इलेक्ट्रिक में बदल रही है। टाइप-2 बसों की खरीद की जानी है, लेकिन इन बसों का उत्पादन काफी कम हो रहा है। सरकार ने टैक्सी को इलेक्ट्रिक गाड़ियों में भी बदलने का प्रस्ताव लाया है।

# हिमाचल में भांग की खेती होगी वैध, सदन में कमेटी ने रखी स्टडी रिपोर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भांग की खेती को सरकार वैध करने जा रही है। जिसको लेकर कैबिनेट मंत्री जगत नेगी ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट विधानसभा सदन पटल पर रखी। अन्य राज्यों की तर्ज पर हिमाचल में भांग की खेती को जल्द ही वैद्य किया जाएगा।

गत बजट सत्र में भांग की खेती को लीगल करने का मुद्दा सदन में उठा था, जिसके बाद सरकार ने पक्ष और विपक्ष के विधायकों की राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में पांच सदस्य कमेटी बनाई। जिसने भांग की खेती करने वाले राज्यों का अध्ययन किया। जिसके बाद शुक्रवार को कमेटी की रिपोर्ट को सदन में रखा गया है।

कमेटी ने राज्य के सभी जिलों का दौरा कर पंचायत स्तर से जनप्रतिनिधियों के सुझाव लिए। इस दौरान अन्य राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर का दौरा कर भांग की खेती को औषधीय और औद्योगिक रूप में अपनाने की बारीकियां की जानकारी ली गई है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि पड़ोसी राज्य उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों में नशा मुक्त भांग की खेती लीगल है। भांग की खेती से प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में मदद मिल सकती है। लेकिन इससे नशे को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति न हो। इसके लिए भांग की खेती को लेकर एसओपी तैयार की जाएगी। बीज सरकार देगी खेती पॉली हाउस में होगी। खेत में इसका भी प्रावधान किया जाएगा। सरकार पूरा ध्यान रखेगी कि भांग की खेती का नशे में प्रयोग न हो।

दूसरी तरफ विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने हिमाचल में भांग की खेती लीगल करने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक तरफ पुलिस भांग की खेती को उखाड़ रही है तो दूसरी तरफ भांग की खेती को लीगल कर रही है। सरकार नशा मुक्त भांग की खेती करने की बात कह रही है। लेकिन ये कैसे हो पाएगा इस पर सवाल है।

# संपादकीय

## वर्षों से चल रहा विवाद खत्म होता नहीं दिख रहा

दक्षिण की गंगा कही जाने वाली कावेरी के जल को चार राज्यों- कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुदुच्चेरी के बीच बंटवारे को लेकर समय-समय पर बैठकें हुईं, समितियां बनीं, उच्चतम न्यायालय द्वारा आदेश पारित हुए, पर विवादों का अंत नहीं हो पाया।

कावेरी जल बंटवारे को लेकर वर्षों से चला आ रहा विवाद अब थम जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण एवं कावेरी जल नियमन समिति के उस आदेश में दखल देने से मना कर दिया है, जिसमें कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के लिए प्रति दिन पांच हजार घनमीटर पानी छोड़ने की बात कही गई है। तमिलनाडु ने सूखे का हवाला देते हुए बहत्तर सौ घनमीटर पानी मांगा था। समिति ने उसकी मांग को जायज तो माना, पर दूसरे राज्यों का भी खयाल रखते हुए पानी की मात्रा घटा कर पांच हजार घनमीटर कर दी। बाद में कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने भी यही फैसला दिया। तमिलनाडु इस फैसले पर राजी है, लेकिन कर्नाटक में इसके खिलाफ असंतोष पैदा हो गया है। राज्यभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। कर्नाटक सरकार ने जिस प्रकार यह मुद्दा फिर केंद्र के समक्ष उठाया और अपने नागरिकों की नाराजगी का हवाला देकर प्रस्तावित पानी देने में असमर्थता जताई है, उससे यह विवाद खत्म होता नहीं दिख रहा। दशकों से यही हो रहा है। दक्षिण की गंगा कही जाने वाली कावेरी के जल को चार राज्यों- कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुदुच्चेरी के बीच बंटवारे को लेकर समय-समय पर बैठकें हुईं, समितियां बनीं, उच्चतम न्यायालय द्वारा आदेश पारित हुए, पर विवादों का अंत नहीं हो पाया। तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच कावेरी जल विवाद आजादी से पहले से चला आ रहा है। इसे लेकर केंद्र सरकार ने 1990 में कावेरी नदी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया था। इस न्यायाधिकरण ने जैसे ही तमिलनाडु को पानी देने संबंधी फैसला सुनाया तो दंगे भड़क उठे, क्योंकि कर्नाटक ने इस निर्णय को अस्वीकार कर सर्वोच्च न्यायालय में इसे खारिज करने की मांग उठा दी। दोनों ही राज्यों के कई जिले सिंचाई के लिए कावेरी नदी के पानी पर निर्भर हैं। बंगलुरु शहर को पीने का पानी इसी से मिलता है।

इसलिए यह मुद्दा दोनों ही राज्यों के लिए संवेदनशील बना हुआ है। वैसे, संघीय व्यवस्था वाले भारत में दो या अधिक राज्यों से होकर बहने वाली नदियों के पानी के बंटवारे को लेकर विवाद कोई नई बात नहीं है। जल संकट बड़ी समस्या है, ऐसे में हर राज्य चाहता है कि उसे अधिक से अधिक पानी मिले। यही वजह है कि कावेरी के अलावा कृष्णा, गोदावरी, नर्मदा, रावी, ब्यास और यमुना जैसी नदियों के पानी को लेकर विभिन्न राज्यों के बीच खींचतान अक्सर सुर्खियों में रहती है। महत्त्वाकांक्षी नदी जोड़ो परियोजना में इन विवादों से छुटकारा दिलाने की संभावना देखी गई थी, लेकिन यह परियोजना भी पिछले दो दशक में अपेक्षित गति नहीं पकड़ पाई है। पानी को लेकर हिंसा, विरोध प्रदर्शन या राजनीतिक शह-मात से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला। समस्या का समाधान एक-दूसरे से सहयोग और समन्वय में ही निहित है। ऐसे में संबंधित राज्यों को क्षेत्रीय स्वार्थों को हर हाल में त्यागना होगा। एक-दूसरे की जरूरत को ध्यान में रखते हुए स्थायी और व्यावहारिक समाधान तलाशना होगा। उच्चतम न्यायालय जब यह कह रहा है कि कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण एवं कावेरी जल नियमन समिति जैसी विशेषज्ञ संस्थाओं ने सूखे और कम बारिश जैसे सभी प्रासंगिक पहलुओं पर विचार करने के बाद ही आदेश पारित किया है और दोनों प्राधिकरणों ने जिन तथ्यों पर गौर किया है, उन्हें अप्रासंगिक या असंगत कतई नहीं कहा जा सकता, तो फिर कर्नाटक को इस फैसले पर अमल से गुरेज क्यों करना चाहिए।

## व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम को गंभीरता से पालन करने की जरूरत

डिजिटल व्यक्तिगत ब्योरों के दुरुपयोग की शिकायतों पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि लोगों की निजता की सुरक्षा के उपाय तलाशे ही जाने चाहिए।

अब जिस तरह डिजिटल व्यवस्थाओं पर निर्भरता बढ़ती गई है, उसमें व्यक्तिगत ब्योरों की सुरक्षा को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इसके मद्देनजर सरकार ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 पारित किया। हालांकि इसे लागू करना एक जटिल प्रक्रिया है, मगर अब सरकार ने धीरे-धीरे इसके नियमों को लागू करने की तैयारी कर ली है।

इसके लिए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से चर्चा करने के बाद डेटा संरक्षण बोर्ड गठित करने सहित नियमों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। सरकार ने कहा है कि कंपनियों को डेटा संरक्षण संबंधी अपनी व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एक साल का समय दिया जा सकता है। केवल 'एज-गेटिंग' में इन नियमों को लागू करने में कुछ अधिक समय लग सकता है।

'एज-गेटिंग' वह व्यवस्था है, जिसमें डिजिटल उपकरणों का इस्तेमाल करने वाले लोग आनलाइन कोई भी विवरण भरते हैं, तो उनके व्यक्तिगत ब्योरे वहां दर्ज हो जाते हैं। व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम को काफी कठोर बनाया गया है, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर ढाई सौ करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अच्छी बात है कि यह कानून बनने के बाद सारे उद्योग उपभोक्ताओं के व्यक्तिगत ब्योरों के संरक्षण के प्रति गंभीरता दिखा रहे हैं।

डिजिटल व्यक्तिगत ब्योरों के दुरुपयोग की शिकायतों पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि लोगों की निजता की सुरक्षा के उपाय तलाशे ही जाने चाहिए। उसके करीब छह साल बाद यह कानून अस्तित्व में आ पाया और अब उसके क्रियान्वन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। दरअसल, तमाम विभागों और लोगों के जीवन से जुड़े जरूरी कामों को डिजिटल व्यवस्था से जोड़ने पर इसलिए जोर दिया गया कि कामकाज में आसानी हो, लोगों को बेवजह परेशानी न उठानी पड़े, प्रशासनिक और कारोबारी गतिविधियों में तेजी आए।

मगर इस प्रक्रिया में व्यक्तिगत ब्योरों के संरक्षण के पुख्ता और भरोसेमंद उपाय लागू नहीं किए जा सके। इसका नतीजा यह हुआ कि बहुत सारे डिजिटल सेंधमार सक्रिय हो उठे और लोगों के व्यक्तिगत ब्योरे चुराने लगे। लोगों के निजी डेटा बेचने का कारोबार फलने-फूलने लगा।

स्थिति यह है कि अब न तो आपका फोन नंबर निजी रह गया है और न मेल आइडी। दिन भर अनजाने लोग आपको फोन करके और संदेश भेज कर परेशान करते रहते हैं। यह तो फिर भी ज्यादा चिंता का विषय नहीं माना जा सकता, पर इसके जरिए सेंधमार आपके बैंक खातों और दूसरे निवेशों तक पहुंच बनाने लगे हैं। इस पर अंकुश लगाना बड़ी चुनौती है।

दरअसल, विभिन्न संस्थान, विभाग और कंपनियां छोटे-मोटे कामों के लिए भी आपका व्यक्तिगत ब्योरा दर्ज करती हैं। हालांकि यह ब्योरा उनके डेटा तंत्र में दर्ज रहता है, मगर उसकी सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं होता। ज्यादातर मामलों में एक बार व्यक्तिगत ब्योरा दर्ज होने के बाद उसकी कोई जरूरत नहीं रह जाती, इसलिए तमाम जगहों पर वे ब्योरे यों ही छोड़ दिए जाते हैं। वहीं से सेंधमारी करना आसान होता है।

मसलन, स्कूल में दाखिला कराना हो या राशन की दुकान पर पंजीकरण कराना हो, व्यक्तिगत डेटा दर्ज कराया जाता है। मगर उन जगहों पर उन्हें संभालने या एक समय के बाद रद्द करने का कोई प्रबंध नहीं होता, इसलिए वे वर्षों खुले में पड़े रहते हैं।

नए कानून के तहत व्यक्तिगत ब्योरों का इस्तेमाल केवल उसी काम के लिए किया जा सकता है, जिसके लिए उन्हें जुटाया गया था। इस तरह इस कानून के क्रियान्वयन से राहत की उम्मीद बनी है।

# बढ़ता ई-कचरा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिये खतरा



ललित गर्ग



लगातार बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिये बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पार्ट्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है। चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिये शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिये जरूरी है कि प्राप्त ई-साधनों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाये, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई-वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई-वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई-वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ई-कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है।

दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द फेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण साफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। दूसरा बड़ा कारण, नये फोन के प्रति आकर्षण था। कंपनियों की मार्केटिंग और दोस्तों द्वारा हर साल फोन बदलने की आदतों से भी प्रभावित होकर भी लोग नया फोन ले लेते हैं, जबकि इसकी जरूरत नहीं होती। इस वजह से भी ई-कचरे में इजाफा हो रहा है। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक अगर साल 2019 में उत्पादित कुल इलेक्ट्रॉनिक कचरे को रिसायकल कर लिया गया होता वो करीब 425,833 करोड़ रुपए का फायदा देता। यह आंकड़ा दुनिया के कई देशों के जीडीपी से भी ज्यादा है।

यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी 'ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा।

20 एकड़ में बनने वाले इस पार्क में बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल और पीसी से अनूठे एवं दर्शनीय चीजों को निर्मित किया जायेगा। इसी कड़ी में कानपुर में ई-वेस्ट प्रबंधन का एक बेहतरीन मॉडल सामने आया है। यहां जयपुर के एक कलाकार ने ई-वेस्ट से 10 फीट लंबी मूर्ति बनाई है। इसे बनाने में 250 डेस्कटॉप और 200 मदरबोर्ड, केबल और ऐसी अनेक खराब इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक-कचरे का प्रभावी प्रबंधन करना होगा। गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधन से जुड़ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था। इस नियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं को विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया। नियम के अंतर्गत उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रहण तथा आदान-प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है और उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी किया गया है। अगर आप चाहते हैं कि ई-वेस्ट को कम किया जाए, तो इसके लिए जरूरी है कि चीजों की रिसाइक्लिंग की जाए। किसी पुराने मोबाइल या कंप्यूटर आदि को रिसाइकल किया जाए और इनका फिर से इस्तेमाल हो।

कई लोग या कंपनियां अपने पुराने लैपटॉप, कंप्यूटर या मोबाइल को वेस्ट कर देते हैं, जो ई-वेस्ट के रूप में सामने आते हैं। लेकिन आप ऐसे में इसे किसी जरूरतमंद को दे सकते हैं। इसके लिये लायंस क्लब इन्टरनेशनल-डिस्ट्रिक-321-ए ने अनूठी एवं अनुकरणीय पहल करते हुए ई-अवशेषों एवं वेस्ट को एकत्र कर रही है। अन्य जनसेवी संस्थाएं भी ऐसे सराहनीय उपक्रम कर रही है, आप ऐसे किसी एनजीओ या किसी छोटी कंपनी आदि को पुराने मोबाइल, लैपटॉप आदि दे सकते हैं। जरूरत तो इस बात की है कि आपको अपने पुराने मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि को तब तक इस्तेमाल करना चाहिए, जब तक यह संभव हो सके।

भारत सरकार ई-कचरे के निपटारे के लिए प्रबंधन नीति लाई थी, लेकिन वह कारगर नहीं साबित हुई और अब रिसाइकल इंसेंटिव के साथ नई नीति ला रही है। ताकि ई-निर्माण इकाइयां ई-वेस्ट का रिसाइकल करने और पर्यावरण बचाव के प्रति जवाबदेह हो सकें। मौजूदा समय देश में यह काम बड़े स्तर पर असंगठित क्षेत्र द्वारा किया जाता है, जहां ई-वेस्ट का निपटारा गलत एवं अवैज्ञानिक तरीकों से किया जा रहा है। सरकार ने ई-कचरा (प्रबंधन) नियम-2022 अधिसूचित किया है, जो प्रत्येक विनिर्माता, उत्पादक, रिफर्बिसर, डिस्मैंटलर और ई-वेस्ट रिसाइकलर पर लागू होगा। ई-वेस्ट अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को लेकर केंद्र सरकार सख्त है और इसे लेकर केंद्र सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार अब जो भी ई-वेस्ट पैदा करेगा उन्हें उसे नष्ट करने की जिम्मेदारी भी उठानी होगी।

नए नियमों के तहत इस जिम्मेदारी को न उठाने वालों से सख्ती से निपटा भी जाएगा, जिसमें उन्हें जुर्माना और जेल दोनों ही भुगतना करना पड़ सकता है। इसके अलावा ई-वेस्ट के दायरे को भी बढ़ा दिया गया है, जिसमें 21 वस्तुओं की जगह अब 106 वस्तुओं को शामिल किया गया है, जिसमें मोबाइल चार्जर से लेकर घरों में इस्तेमाल की जाने वाली सभी छोटी-बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल चीजें शामिल हैं।

# जस्टिन ट्रूडो का दिमागी दिवालियापन

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का भारत सरकार पर आरोप लगाकर वैश्विक राजनीति में एक भूचाल ला दिया है। इस बयान के साथ उन्होंने अपने दिमागी दिवालियापन का सबूत भी दे दिया है और यह साबित कर दिया है कि भारत जैसे देश से अपने संबंध खराब कर वे अभी भी अपरिपक्व राजनीतिज्ञ हैं। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्झर 17 साल से अवैध रूप से कनाडा में रह रहे थे और भारत द्वारा उसे आतंकवादी घोषित करते ही कनाडा ने उसे नागरिकता प्रदान कर दी थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत पर उसकी हत्या का आरोप लगाकर यह कयास लगाया था कि उसे अमेरिका ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तथा नाटो देश का समर्थन मिलेगा जिससे वह आतंकवादियों को शरण देने की जवाब देही से बच सकेंगे पर वॉशिंगटन पोस्ट की खबरों के अनुसार फाइव एलायंस यानी अमेरिका, ब्रिटेन,ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड ने उसके इस आरोप से किनारा कर लिया और कोई समर्थन नहीं दिया है।

अब कनाडा के प्रधानमंत्री वैश्विक राजनीति में अलग-अलग पड़ गए हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री के सत्ताधारी गठबंधन में भी दरारें पड़ गई हैं लिबरल पार्टी के कई सांसदों ने भारत से संबंध बनाए रखना पक्ष में बयान दिए हैं। उनके ही मंत्री हरजीत सज्जन ने बयान देकर कहा है की कनाडा को भारत से रिश्ते तल्ख कर बनाने की जरूरत नहीं और कनाडा की प्रथम हिंदू कैबिनेट मंत्री अनीता आनंद ने भी प्रधानमंत्री को अत्यंत विवेक से कम लेने की सलाह दी है। यह बात अत्यंत महत्वपूर्ण है की कनाडा नाटो देश का सदस्य भी है पर नाटो देश ने भी उससे इस मामले में किनारा कर लिया है। कनाडा विगत कई सालों से खालिस्तानी आतंकवादियों को समर्थन देकर पाकिस्तान की राह में निकल पड़ा है। खालिस्तानी आतंकवादियों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई,एस,आई सीधा समर्थन देकर उन्हें फंडिंग कर रही है इस तरह कनाडा पाकिस्तान और खालिस्तान आतंकवादियों का एक त्रिगुट बन गया है जो वह भारत विरोधी हरकतों को कनाडा तथा भारत में अंजाम देने में लगा हुआ है। कनाडा में वर्तमान में 9आतंकवादी संगठन एसे हैं जो सक्रिय रूप से भारत को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं और भारतीय दूतावास तथा अधिकारियों को सीधे तौर पर धमक भी रहे हैं। इन संगठनों का सीधा संबंध खालिस्तान आतंकवाद, ड्रग तथा मानव तस्करी जैसे अपराधों से जुड़ी हुई है। भारत सरकार के विदेश प्रवक्ता ने दावा किया है की कनाडा सरकार की यह हरकत संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला विरोध है, संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के सातवें अध्याय में शामिल वैश्विक आतंकवाद के रोकथाम के लिए बनाए गए सुरक्षा परिषद के संकल्प 1373 के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को शरण देने से पहले यह तय करना होता है की शरण लेने वाला व्यक्ति आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त तो नहीं है और कनाडा सरकार ने हरदीप सिंह निज्जर आतंकवादी घोषित करने के पश्चात नागरिकता देकर संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला उल्लंघन भी किया है। भारत सरकार के अनुसार कनाडा में अभी भी 10 खालिस्तानी खूंखार आतंकवादी निवास कर रहे हैं जो कनाडा में मौजूद रहकर भारत में अपराधिक आतंकवादी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं।




# राजा भरत के नाम पर लाखों वर्ष पहले देश का नाम पड़ा था भारत



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

वर्तमान समय में जब दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्ष जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत की धरती पर आ रहें हैं। वहीं दूसरी और सत्ता पक्ष और विपक्ष में महज इस बात को लेकर विवाद शुरू हो गया है कि, आखिरकार देश का नाम केवल भारत होना चाहिए या फिर अंग्रेजी नाम इंडिया भी होना चाहिए। हालांकि सत्ता पक्ष यानि केंद्र सरकार की ओर से अभी तक इस विवाद पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन सत्ता पक्ष से जुड़े कई नेता इतना जरूर कहते दिखाई देरहें हैं कि, देश का असली और मूल नाम तो लाखों वर्ष पहले से ही भारतवर्ष है। गौरतलब हो कि प्राचीन वेदों और पुराणों के मुताबिक भगवान के राम के पूर्वज और चक्रवर्ती सम्राट रहे राजा भरत के नाम पर ही जम्बूद्वीप का नाम भारतवर्ष पड़ा था। इसके अलावा वेदों और पुराणों में भारत के अलावा जो नाम वर्णित हैं, उनमें जम्बूद्वीप और आर्यावर्त भी प्रमुख रूप से शामिल है। जबकि इंडिया नाम तो अंग्रेजों के समय में देश को दे दिया गया था। हालांकि इस मामले में विवाद उस समय और ज्यादा बढ़ गया, जब विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर देश के अंग्रेज़ी नाम इंडिया को खत्म करके केवल भारत करने की साजिश रचने का आरोप लगा दिया। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिरकार देश में जी-20 जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के समय इस विवाद की शुरूआत अचानक से कैसे और क्यों हो गई ? दरअसल आज के इस लेख में हम मौजूदा समय में देश के भारत और इंडिया नाम को लेकर चल रहें विवाद के कारणों की समीक्षा करेंगें।

### प्रेसीडेंट आफ भारत लिखने पर विपक्ष के ऐतराज से शुरू हुआ विवाद

दरअसल देश के नाम भारत और इंडिया को लेकर विवाद की शुरूआत हाल ही में हुई दो घटनाओं के बाद हुई। गौरतलब हो कि हाल ही में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जी-20 के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने आ रहें सभी राष्ट्राध्यक्षों को अपने आवास पर रात्रि भोज के लिए निमंत्रण भेजा था। दरअसल महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से भेजे गए इस निमंत्रण पत्र में प्रेषक के रूप प्रेसिडेंट आफ भारत लिखा हुआ था। ऐसे में इसी आमंत्रण पत्र को आधार बनाकर विपक्षी दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार के ऊपर देश के अंग्रेजी नाम यानी इंडिया को बदलने की साजिश करने का आरोप लगाना शुरू कर दिया। हालांकि विपक्षी दलों ने इंडोनेशिया सरकार की ओर से आए आसियान शिखर समिट व ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन के निमंत्रण पत्र पर भी ऐतराज जताया था कि, उस निमंत्रण पत्र पर प्राईम मिनिस्टर आफ भारत क्यों लिखा गया है ? ऐसे में यहां पर सवाल उठना लाजिमी है कि, कोई भी दूसरा देश जब भारत नाम का इस्तेमाल करना चाहता है तो, इसमें विपक्ष को भला क्या दिक्कत हो सकती है ? इसके अलावा यहां पर विपक्ष के लिए एक सवाल यह भी है कि, यदि इंडोनेशिया की सरकार भारत नाम का इस्तेमाल कर रहीं है तो, इसमें गलत बात क्या है ?

### कांग्रेस और विपक्षी दल कर रहें हैं वोटों की राजनीति !

दरअसल कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों का आरोप है कि जब से उन्होंने अपने संयुक्त गठबंधन का नाम आईएनडईआईए यानी डॉट इंडिया रखा है, तभी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र की भाजपा सरकार विपक्षी गठबंधन से घबराई हुई है। ऐसे में यहां पर विपक्षी दलों के इस निराधार तर्क पर यह सवाल उठना लाजिमी है कि, यदि केंद्र की भाजपा सरकार को इंडिया नाम से परहेज होता तो, वह अपनी दर्जनों योजनाओं के नाम में इंडिया क्यों लगाती ? उदाहरण के तौर पर केंद्र सरकार की तमाम योजनाएं हैं जिनको इंडिया नाम दिया गया है। इस फेहरिस्त में कई योजनाएं शामिल हैं मसलन , मेक इन इंडिया, खेलो इंडिया आदि।

### भारत के संविधान के तहत बदला जा सकता है देश का नाम

दरअसल जब से यह विवाद शुरू हुआ है कि, देश का नाम भारत हो या इंडिया तब से विपक्षी दल लगातार केंद्र सरकार पर देश के अंग्रेजी नाम इंडिया को बदलने की साजिश करने की आशंका जता रहें हैं। ऐसे में यहां पर सबसे बड़ा सवाल उठता है कि, क्या भारत सहित दुनिया का कोई भी देश अपने वर्तमान नाम को बदलकर नया नाम रखने के लिए स्वतंत्र होता है ? ऐसे में इस सवाल का उत्तर यहां पर हां में ही देना ही ठीक होगा। क्योंकि भारत के संविधान के मुताबिक देश की केंद्र सरकार अपने देश का नाम समय व जरूरतों के हिसाब से परिवर्तित कर सकती है। इसके अलावा यदि भारत के संविधान के अनुच्छेद एक को देखें तो उमसें स्पष्ट रूप लिखा है कि, भारत ही इंडिया है, जो कि राज्यों का एक संघ है। दरअसल भारत का संविधान केंद्र सरकार को इस बात की अनुमति भी प्रदान करता है। दरअसल हमारे देश के संविधान के मुताबिक यदि जनहित में किसी भी देश के नाम को रखना है या फिर उसे समाप्त करना है, तो यह बिल्कुल संभव है। उदाहरण के तौर पर इमरजेंसी के दौरान साल 1975 में संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़े गए थें। इस लिहाज से कोई भी जीवंत लोकतंत्र अपना भविष्य बेहतर बनाने के लिए संविधान में और देश के नाम दोनों में बदलाव कर सकता है। दरअसल दुनिया में हाल ही में एक दर्जन से ज्यादा देशों ने अपने पुराने नाम को बदलकर नया नाम रखा है। इसमें उदाहरण के तौर पर हालैण्ड को लिया जा सकता है, जिसने अपना नाम बदलकर नीदरलैण्ड कर लिया है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा केवल भारत नाम के इस्तेमाल को बढ़ावा देना

दरसअल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अंग्रेजी नाम इंडिया को खत्म करने की नहीं अपितु देश के प्राचीन और मूल नाम भारत को बढ़ावा देने की है। क्योंकि प्रधानमंत्री यहीं चाहतें हैं कि दुनिया भर में लोग भारत को उसके प्राचीन और मूल नाम से ही ज्यादा जाने, ना कि केवल अंग्रेजी नाम से देश की पहचान बनी रहें। दरअसल प्रधानमंत्री की यह भी मंशा है कि देश के अंदर भी लोग ज्यादातर भारत शब्द का ही इस्तेमाल करें। ध्यान रहें कि इस बार बीते 15 अगस्त के मौके पर लाल किले की प्राचीर से उन्होंने अपने संबोधन में कहा था आज भी अनेक शब्द इस देश में गुलामी के चिन्ह हैं, जिनसे हम आज भी पूरी तरह से उबर नहीं सकें हैं। दरअसल प्रधानमंत्री का इशारा उन्ही अंग्रेजी और उर्दू शब्दों की ओर था, जो हमे मुगलों और अंग्रेजों के शासन काल में मिले थें।

### क्या संसद के विशेष सत्र में केंद्र सरकार की ओर से बदला जाएगा इंडिया नाम?

दरअसल देश में जी-20 शिखर सम्मेलन समाप्त होने के ठीक एक सप्ताह बाद यानि 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र आहूत किया गया है। ऐसे में विपक्षी दलों के अलावा देश के तमाम राजनीतिक विश्लेषकों की ओर से यह सवाल उठाया जा रहा है कि, क्या केंद्र सरकार इस विशेष सत्र में इंडिया नाम को बदलने के लिए विधेयक प्रस्तुत करने जा रही है ? इसके अलावा विपक्ष को एक देश एक चुनाव यानी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को एक साथ ही कराए जाने के विधेयक को भी केंद्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत किए जाने का डर सता रहा है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि, जब सरकार ने अभी कुछ तय ही नहीं किया तो विपक्ष क्यों अपने मन से केंद्र सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा रही है ? ऐसे समय में विपक्ष को संसद के विशेष सत्र का इंतजार करना चाहिए और देखना चाहिए कि क्या केंद्र सरकार कोई नया विधेयक प्रस्तुत कर रहीं हैं, जिसकी उसे आशंका थी।

नई दिल्ली
शनिवार 23 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### जालौन: शहर की सफाई व्यवस्था देखने सड़क पर उतरे जिलाधिकारी

जालौन । उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सुबह ही शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया और पायी गयी अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए जरूरी निर्देश दिये। जिलाधिकारी सुबह लगभग साढ़े सात बजे से राजेंद्र नगर वार्ड नंबर 22, तुलसी नगर वार्ड नंबर 21, वार्ड नंबर 3 शहर के विभिन्न वार्डो की साफ-सफाई की व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने पहुंच गये।उन्होंने निरीक्षण के दौरान नाला, नालियों पर अतिक्रमण और गंदगी देख नाराजगी जाहिर करते हुए अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिए कि साफ सफाई व्यवस्था में पूरा ध्यान दें, जहां भी नाला, नालियों पर अतिक्रमण है उन्हें हटाया जाए। नालियों में सिल्ट जमा न होने दें नालियों की निरंतर साफ सफाई सुनिश्चित कराई जाए। वार्ड नंबर 3 में सफाई व्यवस्था का अभाव मिलने पर सफाई नायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया सफाई नायकों की निरंतर मॉनिटरिंग कर समस्त वार्डो की समुचित साफ-सफाई कराई जाए। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बृहद अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शहर में कूड़ा प्रबंधन तथा सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

### महोबाःकिसान का शव खेत से बरामद

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के महोबकंठ क्षेत्र में शुक्रवार को संदिग्ध तरीके से मृत एक किसान का शव उसके खेत पर पड़ा बरामद किया गया। कुलपहाड़ की उप पुलिस अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने बताया कि दुलारा गांव के निवासी हरप्रसाद से मिली सूचना पर पुलिस ने उसके 42 वर्षीय पिता कुद्धू का शव खेत मे स्थित झोपड़ी में पड़ा हुआ बरामद किया। किसान हर रोज की तरह कल रात भी फसल की रखवाली के लिए खेत पर सोने को गया था। सुबह पिता के लिए खाना लेकर पहुंचे हरप्रसाद ने कुद्धू को मृत पड़ा हुआ देखा तो वह सन्न रह गया। किसान की मौत की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया तो ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली तो वह भी हक्का.बक्का रह गए। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि किसान की मौत की खबर मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच उसके शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक के शरीर मे मौके पर किसी प्रकार के चोट आदि का कोई निशान न मिलने से मामला संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस ने किसान कुद्धू की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और अपनी जांच पड़ताल शुरू की है। परिजन भी संदर्भ में किसी प्रकार की जानकारी नही दे पा रहे है।

### बाराबंकी: विवाद के बाद युवक ने चचेरे भाई की गोलीमारकर कर दी हत्या

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के रामनगर कोतवाली क्षेत्र में जमीन के विवाद में हुई कहासुनी के दौरान युवक ने अपने चचेरे भाई को लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रामनगर कोतवाली क्षेत्र के गौराचक गांव निवासी चंद्रपाल वर्मा व मंशाराम वर्मा सगे भाई हैं। ग्रामीणों के अनुसार मंशाराम के पुत्र हरिओम व चंद्रपाल के इकलौते पुत्र रितेश वर्मा उर्फ रिंकू (35) के बीच खेती की जमीन को लेकर कई साल से विवाद चल रहा है। बृहस्पतिवार रात हरिओम ने शराब पी और छोटे चचेरे भाई रिंकू को गाली दे रहा था। रिंकू के घर के सामने ही दोनों में हाथापाई भी हुई। इसी वक्त हरिओम घर से अपनी लाइसेंसी बंदूक उठा लाया और रितेश को गोली मार दी। गोली कनपटी पर लगते ही रितेश गिर गया। फायरिंग से गांव में अफरातफरी मच गई। कोई कुछ कर पाता, इससे पहले ही हरिओम व उसके परिजन फरार हो गए।सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। घायल रितेश को अस्पताल ले जाया जा रहा था, मगर रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव के हालात को देखते हुए कई थानों की पुलिस भी पहुंच गई। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### चाकूबाजी में वृद्ध समेत दो घायल

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले के रामगांव थाना क्षेत्र के अखिलापुर गांव में बाइक सवारों की बाइक एक-दूसरे से टकरा गई। इस पर नाराज युवक ने चाकू से दोनों पर हमला कर दिया। हमले में वृद्ध समेत दो लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अखिलापुर निवासी मुनीर खान (35) पुत्र खलील बाइक से गांव निवासी फरीद अहमद (55) पुत्र मोहम्मद जहूर को लेकर जा रहे थे। गुरुवार देर शाम गांव निवासी अनीस भी बाइक से आ गया। मुनीर की बाइक से अनीस की बाइक टकरा गई। इस पर अनीस ने अपशब्द कहना शुरू कर दिया। इसका मुनीर ने विरोध किया तो नाराज गांव निवासी अनीस ने बकरे काटने वाले चाकू से दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू के हमले में युवक और वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर वृद्ध फरीद को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश की जा रही है। घायल कोई रंजिश की बात भी नहीं बता रहे हैं। शायद बाइक टकराने पर हमला किया गया है।

### 9 साल की बच्ची को किडनैप कर रेप

गोरखपुर। गोरखपुर में बच्ची को किडनैप कर उसके साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। घर से बिस्किट लेने गई बच्ची को उसके ही पड़ोसी ने किडनैप कर लिया और फिर उसे सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ रेप किया। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी फरार हो गया। घटना शाहपुर इलाके में 18 सितंबर की है। किसी तरह उसके चंगुल से बचकर निकली बच्ची अपने घर पहुंची और मां को आपबीती बताई। इसके बाद मां की शिकायत पर शाहपुर पुलिस ने रेप और पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान अर्जुन निषाद निवासी भगतपुरवां थाना शाहपुर, गोरखपुर के रूप में हुई। कुशीनगर जिले की रहने वाली महिला यहां किराए का कमरा लेकर परिवार संग रहती है। उसने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है, 18 सितंबर की दोपहर में उनकी 9 साल की बेटी भगत पुरवा चौराहे पर बिस्किट लेने गई थी। दुकान के पास खड़ा गांव का अर्जुन निषाद बिस्किट दिलाने के बहाने बच्ची अपने साथ ले चला गया। फिर उसे सुनसान जगह पर ले जाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे तो आरोपी फरार हो गया। इंस्पेक्टर शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया, बच्ची की मां की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बच्ची का मेडिकल कराया गया है।

### पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को मार डाला

**सहारनपुर।** सहारनपुर पुलिस ने एक ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया है। चार माह से गायब युवक के शव की पहचान चार माह बाद हुई। युवक की हत्या की गुत्थी सुलझती चली गई। युवक की पत्नी ने अपने पति की हत्या की साजिश अपने प्रेमी संग रची। युवक दोनों के प्रेम संबंध के बीच में रोडा बन रहा था। पत्नी ने प्रेमी को बुलाया। प्रेमी अपने एक दोस्त को साथ लेकर पहुंचा और प्रेमिका के पति की उसी की बैल्ट से गला घोंटकर हत्या कर दी। शव भी सड़क किनारे फेंक गया। पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी संग तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला थाना गागलहेड़ी का है। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया, गागलहेड़ी में रहने वाले सन्नी का शव चार माह पहले गांव चौरादेव के खेत में मिला था। लेकिन उसकी पहचान नहीं हुई थी। लेकिन अचानक से युवक की पहचान सन्नी के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने अपनी बहू मंजू पर हत्या करने का शक किया। पुलिस ने शक के आधार पर पूछताछ की। महिला ने अपने पति के मर्डर की सारी कहानी पुलिस के सामने बता दी। पुलिस ने महिला के बयान के आधार पर उसके प्रेमी अजय और उसके दोस्त स्वराज को गिरफ्तार कर लिया है। 28 मई 2023 को गागलहेड़ी में रहने वाला सन्नी अचानक से गायब हो गया। फोन भी बंद था। युवक के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्र और जिलों में युवक की फोटो दिखाकर तलाश करती रही।

# 275 करोड़ रुपए से उत्तर प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बना रही योगी सरकार

- सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस वर्ष गड्ढा मुक्ति व रिपेयर वर्क के लिए अब तक 275 करोड़ रुपए की धनराशि की जा चुकी है जिलों को आवंटित, सभी जिलों में जारी है सड़क सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया
- प्रदेश में 10 विभागों के आधीन आने वाली सड़कों का हुआ व्यापक कायाकल्प, वर्ष 2022-23 में 100 प्रतिशत गड्ढा मुक्ति का लक्ष्य हुआ प्राप्त



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश की व्यापक कायाकल्प की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इसी का नतीजा है कि चाहें बात औद्योगिक विकास की हो या फिर मूलभूत अवसंरचनाओं के निर्माण व पुनर्रुद्धार की हो, सभी क्षेत्रों में योगी सरकार की विस्तृत कार्ययोजना रंग लाने लगी है। इसी बात का प्रमाण सड़क सौंदर्यीकरण, गड्ढामुक्ति व मार्गों के रीस्टोरेशन प्रक्रिया को लेकर भी देखा जा सकता है। लोकनिर्माण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2022-23 के बीच गड्ढा मुक्ति के लक्ष्यों को हासिल करने में 100 प्रतिशत सफलता मिली है, वहीं रीस्टोरेशन कार्यों को 93 प्रतिशत तक पूर्ण किया जा चुका है। बाकी के 7 प्रतिशत कार्यों को भी पूर्ण करने की ओर तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। सीएम योगी की हमेशा से परिकल्पना गड्ढा मुक्त उत्तर प्रदेश की रही है और इसी परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस वर्ष अब तक 275 रुपए प्रदेश के सभी जिलों को निर्धारित मार्ग सुदृढ़ीकरण के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवंटित किया जा चुका है। इन पर भी तेजी से कार्य जारी है और योगी सरकार द्वारा लगातार इस संबंध में मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

### 10 विभागों के संयोजन से लक्ष्यों को किया जा रहा पूरा

लोकनिर्माण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में कुल 10 विभागों के अंतर्गत 100867 मार्गों के गड्ढा मुक्ति के लक्ष्य को प्राप्त किया। वर्ष 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार, इस दिशा में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त की गई है। वहीं, मार्गों के रीस्टोरेशन वर्क्स को पूर्ण करने के लिए 98355 सड़कों के रीस्टोरेशन कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। इस प्रकार, कुल 93 प्रतिशत कार्यों को वर्ष 2022-23 के बीच पूर्ण कर लिया गया है। बाकी के 7 प्रतिशत कार्यों को भी पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा सतत प्रक्रिया जारी है और सभी कार्यों की सिलसिलेवार समीक्षा और मॉनिटरिंग की जा रही है। जिन विभागों के संयोजन से इन कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है उनमें लोकनिर्माण विभाग के अतिरिक्त नेशनल हाइवे (पीडब्ल्यूडी), नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई-वेस्ट यूपी), एनएचएआई (ईस्ट यूपी), मंडी परिषद विभाग, पंचायती राज विभाग, सिंचाई विभाग, ग्राम्य विकास विभाग (यूपीआरआरडीए), नगर विकास विभाग, गन्ना विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग प्रमुख हैं।

### रीस्टोरेशन व पैचवर्क कार्यों की रेगुलर मॉनिटरिंग का फ्रेमवर्क तैयार

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में मार्गों के नवीनीकरण की प्रक्रिया के अनुसार समयसीमा निर्धारित की गई है। इसके अनुसार, राज्य मार्ग के लिए 4 वर्ष, प्रमुख जिला मार्ग के लिए 4 वर्ष, अन्य जिला मार्ग के लिए 5 वर्ष व ग्रामीण मार्गों के नवीनीकरण के लिए 8 वर्ष की समयसीमा निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत आने वाली सड़कों के रीस्टोरेशन, पैचवर्क और सौंदर्यीकरण योजनाओं से संबंधित समस्याओं के निस्तारण, बजट आवंटन व तकनीकी गुणवत्ता निर्धारण समीक्षा समेत अन्य पहलुओं के निर्धारण समेत टेंडरिंग व रेगुलर मॉनिटरिंग के व्यवस्थित फ्रेमवर्क को तैयार कर लिया गया है।

# महिला सिपाही से बर्बरता करने वाला ढेर

## एसटीएफ ने किया अनीश का एनकाउंटर, दो आरोपियों के पैर में मारी गोली



अयोध्या। अयोध्या में चलती ट्रेन में महिला सिपाही से बर्बरता करने वाले आरोपी अनीश को स्त्रस्न ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। मुठभेड़ में दो आरोपी पकड़े गए हैं। जबकि क्रास फायरिंग में एक दरोगा और दो सिपाही जख्मी हुए हैं। ये एनकाउंटर अयोध्या के पूराकलंदर के छतरिवा पारा कैल रोड पर हुआ।

शुक्रवार तड़के एसटीएफ को आरोपियों के बारे में इनपुट मिला कि वो इनायतनगर में छिपे हैं। एसटीएफ और अयोध्या पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया। इलाके की घेराबंदी करके सर्च शुरू किया। खुद को घिरता हुआ देख तीनों बदमाश अनीश, विशम्भर और आजाद ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में विशम्भर और आजाद घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी। इसी दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर अनीश वहां से बाइक से भाग निकला। एसटीएफ ने 40 किमी. दूर पूराकलंदर तक उसका पीछा किया। सड़क को पहले ही पुलिस ने सील कर दिया था। यहां पुलिस ने उसे घेरकर सरेंडर करने के लिए कहा।

मगर, अनीश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली अनीश को लगी।

घायल अनीश को पुलिस जिला अस्पताल अयोध्या लेकर पहुंची। वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। एनकाउंटर में थानाध्यक्ष पूराकलंदर रतन शर्मा भी घायल हुए हैं। उनके हाथ में गोली लगी है। 2 अन्य सिपाहियों के भी जख्मी हैं। उनको भी अस्पताल में एडमिट किया गया है।

अयोध्या एसएसपी राजकरन अययर ने बताया कि अनीश (30) पुत्र रियाज खान महिला कॉस्टेबल पर हमले का मुख्य आरोपी था।

यह हैदरगंज के दशलावन का रहने वाला था। वहीं, आजाद भी इसी गांव का रहने वाला है। इसके अलावा, तीसरा आरोपी विशंभर दयाल सुल्तानपुर का रहने वाला है।

### ट्रेन में खून से लथपथ मिली थी कॉन्स्टेबल, 23 दिन बाद भी भर्ती

31 अगस्त को महिला कांस्टेबल सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में खून से लथपथ मिली थी। उनकी ड्यूटी अयोध्या के सावन मेले में लगी थी। महिला कांस्टेबल का वीडियो सामने आया था। इसमें वह सीट के नीचे थी। शरीर के निचले हिस्से में कपड़े नहीं थे। चेहरे पर चाकू से गहरे निशान थे। सिर पर फटा हुआ था। इतनी बेरहमी से हमला किया गया था कि मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी सहम गए थे। वारदात के 23 दिन बाद भी महिला कांस्टेबल का लखनऊ के केजीएमयू में इलाज चल रहा है। इस पूरे मामले में पुलिस ने शुरुआत में लीपापोती की कोशिश की। हालांकि, बाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वत: संज्ञान लिया था। इसके बाद वारदात की जांच एसटीएफ को सौंपी गई। एसटीएफ ने 5 दिन पहले ही इस मामले में पब्लिक से सूचना मांगी थी। इसके अलावा, आरोपियों की जानकारी देने पर एक लाख का इनाम देने का ऐलान किया था।

## दबंगो ने चलाए लाठी डंडे, महिलाओं सहित 06 घायल

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना फरिहा क्षेत्र के गांव ईखू में शुक्रवार को बच्चों के विवाद को लेकर हुए झगड़े में दबंगों ने एक पक्ष के छह लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया, घायलों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। गांव ईखू निवासी बद्री प्रसाद पुत्र छोटेलाल के बच्चों का पड़ोसी आसाराम के बच्चों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि आसाराम अपने साथियों को लेकर आ गया और गाली गलौज करने लगा, विरोध करने पर उसने अपने साथियों के सहयोग से लाठी डंडों से बद्री प्रसाद और उसके परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी जिससे बद्री प्रसाद को चोटें आई। शोर सुनकर परिवार की महिलाएं भी पहुंच गई तो दबंगों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी जिससे वह भी घायल हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने घायल बद्री प्रसाद, राजरानी, सोमवती, ममता, मानसिंह और विपिन का डाक्टरी परीक्षण सरकारी ट्रामा सेंटर में कराया है पीड़ित पक्ष ने नाम जद तहरीर थाना फरिया में दी है।


# प्रयागराज में मारुति कारों के गोडाउन में लगी आग

## 16 कारें जली; 2 करोड़ बताई जा रही कीमत

**प्रयागराज।** प्रयागराज में शुक्रवार को मारुति सुजुकी के गैरेज गोडाउन (यार्ड हब) में 11 हजार लाइन का तार टूटकर गिर गया। इससे वहां खड़ी कारों में आग लग गई। आग लगने से कारों के सीएनजी सिलेंडर फटने से धमाका होने लगा। गोडाउन में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें बगल खड़ी कारों को चपेट में ले लिया। इससे गैरेज गोडाउन में खड़ी 16 गाड़ियां जलकर राख हो गई। इन कारों की कीमत करीब दो करोड़ बताई जा रही है। घटना झूंसी के अंदावा में पुरानी जीटी रोड का है।

### फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियों ने पाया काबू

चीफ फायर ऑफिसर आरके पांडेय, मारुति सुजुकी के गैरेज गोडाउन में आग लगने की सूचना मिली। फायर स्टेशन फूलपुर, सोरांव हंडिया, नैनी, सिविल लाइंस सहित 5 स्टेशन से 7 गाड़ियां पहुंची। आस-पास 40 पुलिसकर्मी तैनात किए गए। गैरेज में 400 गाड़ियां खड़ी थी। उन्हें आग में



जलने से बचा लिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कंपनी ने विभाग से कोई एनओसी नहीं लिया था। इसके चलते नोटिस जारी करने के साथ जुर्माना लगाया जाएगा।

झूंसी के अंदावा में ब्राइट फोर व्हीलर सेल्स प्राइवेट लिमिटेड का मारुति कारों का यार्ड हब है। यहां करीब 400 कारें खड़ी थीं। मारुती की नई कारे आकर खड़ी की जाती हैं। यहीं से प्रयागराज व उसके आस-पास के जिलों में कारों के शोरूम में डिलवरी होती है।

# कालेज के प्रबंधक का निधन, शोक में स्कूल कॉलेज बाजार बंद

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में पूर्व विधायक स्वर्गीय राजबहादुर यादव के पुत्र व पूर्व सांसद स्वर्गीय अर्जुन सिंह यादव के छोटे अनुज समाजसेवी सुभाषचंद्र यादव का हृदयाघात के चलते शुक्रवार की भोर मे निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे।

निधन की खबर लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शोक संवेदना प्रकट करने वालों का ताता लग गया। इस दौरान वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय समेत क्षेत्र के सभी डिग्री इंटर जूनियर प्राइवेट कॉलेज में शोकसभा कर बंद कर दिया गया।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार प्रबंधक समाजसेवी 67 वर्षीय सुभाषचंद्र यादव की उनके पैतृक आवास कुकुड़ीपुर गांव में रात शुक्रवार की भोर में अचानक तबीयत खराब हुई और 2 बजे के करीब हृदयाघात के चलते उनका निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही पूर्व राज्यमंत्री शैलेंद्र सिंह यादव ललई, विधायक रागनी सोनकर, पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, तेज बहादुर मौर्य, पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह मोनू सिंह घनश्याम सिंह राजेंद्र सिंह राय साहब सिंह नीतिश सिंह छोटू सिंह दिलीप प्रजापति समेत हजारो लोग घर पहुंच कर उनके पुत्र विवेक यादव, डॉ आलोक यादव, भाई लालचंद यादव लाले, डॉ जितेंद्र यादव से शोक संवेदना जताई।

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करना पड़ा भारी, भेजा जेल

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना एका क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। शुक्रवार को एसडीएम ने जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ कब्जा करने के आरोपी को एसडीएम ने जेल भेज दिया। एसडीएम ने कहा सरकारी ज़मीन पर कब्जा करने वालों को जेल भेजा जाएगा। तहसील क्षेत्र के गांव चिडरई प्रथ्वीपुर में चरागाह की 6 हेक्टेयर जमीन है जिसमें से 03 हेक्टेयर जमीन पर अवागढ़ एटा हाल निवासी अजय कुमार ने 13 वर्षों से कब्जा किया हुआ था।

# जौनपुर : एआरटीओ विभागों का कर्मचारी ही खुलेआम उड़ा रहा है नियमों का धज्जियां

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर में जनता को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने व पालन करने वाले एआरटीओ विभाग का कर्मचारी खुद विभागीय नियमों का खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है।

वह जिस स्कार्पियों गाड़ी से दफ्तर आता जाता है उसका नम्बर मात्र दो अंक में लिखा हुआ है। यह वाहन कार्यालय समय में एआरटीओं आफिस परिसर में ही खड़ी रहती है इसके बाद भी विभाग के उच्चाधिकारियों की नजर नही पड़ी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में एआरटीओ विभाग वाहन स्वामियों को यातायात नियमों का पालन कराने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाता है। उलंघन करने वालों पर जुर्माना भी ठोकता है। लेकिन यह जिम्मेदारी जिसके ऊपर वही खुलेआम नियम कानून की धज्जियां उड़ा रहा है। विभाग का एक जिम्मेदार बाबू सफेद रंग की स्कार्पियों गाड़ी से प्रतिदिन कार्यालय आता जाता है।

उस गाड़ी पर आगे पीछे नम्बर प्लेट पर यूपी 32 जीडी 20 लिखा हुआ है तथा उत्तर प्रदेश सरकार का लोगो बना हुआ है। हैरत की बात यह है कि यह दो अंक नम्बर लिखा वाला वाहन पूरे दिन कार्यालय परिसर में खड़ी रहती है इसके बाद भी अभी तक किसी भी उच्चाधिकारियों की नजर क्यो नही पड़ी। जब विभागीय अधिकारी कर्मचारी ही नियमों की ऐसी तैसी कर रहे तो जनता को क्या खाक जागरूक करेगें।

विभागीय सूत्रो के अनुसार यह दलालों से काम करने के एवज में जो सुविधा शुल्क लेता है उसका नाम 'जीएसटी' रखा हुआ है। जब एक दलाल ने उससे इस 'जीएसटी' का मतलब पूछा तो उन्होने कहा कि मेरे जीएसटी का पूरा नाम 'गणेश सर्विस टैक्स' है। यह टैक्स लेने के लिए वह अपने खास आदमी रखा है।

# राधाष्टमी पर बरसाने में किये गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मथुरा। उत्तर प्रदेश में मथुरा के बरसाने में राधाष्टमी पर आनेवाले लाखों श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं।

एसएसपी शैलेष कुमार पाण्डे के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि भीड़ का दबाव अधिक बढ़ने पर वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि कुंडो में स्नान पर न केवल रोक लगा दी गई है बल्कि उन पर विशेष पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बारिश के मौसम को



देखते हुए प्रत्येक पार्किंग में चेकर्ड प्लेट यानी लोहे की विशेष प्लेट लगाना आवश्यक कर दिया गया है। इससे वाहनों के आवागमन में कोई परेशानी नही होगी।

दस स्थानों पर मेडिकल कैम्प लगाए गए हैं तथा दस एम्बुलेंस लगाई गई हैं। तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं से सद्व्यवहार करने को कहा गया है।

उधर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डे ने बताया कि आईजी दीपक कुमार के निर्देशों के अनुसार यदि किसी सेक्टर पर कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो उस सेक्टर के सेक्टर मजिस्ट्रेट और क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिए 2000 सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं जिनमें 6 एडीशनल एसपी, 32 क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी,70 इंसपेक्टर व 4 महिला इंसपेक्टर,14 महिला संब इंसपेक्टर समेत 224 सब इन्सपेक्टर, 1000 कान्सटेबिल व 130 महिला कांन्सटेबिल, 350 होमगार्ड, 3 कम्पनी पीएसी, कुंडो में स्नान या डूबने की घटना रोकने के लिए एक कम्पनी फ्लड पीएसी को लगाया गया है।

# 07 साल की मासूम से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के जसवंतनगर इलाके के एक गांव में खेत में शौच के लिए गई 07 साल की मासूम लड़की से दुष्कर्म करने वाले को गुस्साए ग्रामीणों ने पकड़ कर बुरी तरह से पीटा और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया।

इटावा के एसएसपी संजय कुमार ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ जसवंतनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। खून से लतपथ मासूम ने परिजनों को अपने साथ हुई हैवानियत की घटना की जानकारी दी। आरोपी राज मिस्त्री को परिजनों ने पकड़ के पुलिस के हवाले कर दिया। लड़की को गंभीर चोटे आने के कारण पुलिस ने महिला जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा।

25 वर्षीय राजमिस्त्री श्री कृष्ण उर्फ किन्ना ने 07 साल की मासूम को अपनी हैवानियत का शिकार बनाया है। मासूम



लड़की सुबह करीब 11 बजे खेत पर शौच क्रिया करने के लिए गई हुई थी। तभी आरोपी ने उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया है। बच्ची ने अपने साथ हुई घटना के बारे में अपने परिजनों को इस बात की सूचना दी। परिजनों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बच्ची को गंभीर हालत में महिला जिला अस्पताल में परीक्षण के लिए भर्ती करवाया है। जहां बच्ची का उपचार किया जा रहा है।

पीड़ित परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया है कि बच्ची खेत पर शौच क्रिया करने गई थी। तभी पड़ोस के गांव का रहने वाला राजमिस्त्री श्री कृष्ण जो कि हमारे परिवार में राजमिस्त्री का काम करना आता था।

# भादो छठ मेले के लिए जुटने लगा जमावड़ा

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में सरायख्वाजा क्षेत्र के स्थानीय गांव में हर वर्ष लगने वाला ऐतिहासिक भादो छठ मेला 24 सितंबर रविवार को आयोजित होगा, जिसको लेकर दूर—दराज से दुकान लगाने वाले लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस मेले में लकड़ी से बने घर गृहस्थी के अधिकांश सामान मिलते हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी तैयारी शुरू कर दी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले के सरायख्वाजा में लगने वाला ऐतिहासिक भादो छठ मेला गांव के प्राचीन सूरज कुंड तालाब के समीप लगता है। लोगों की मान्यता है कि इस दिन तालाब में स्नान ध्यान करने के पश्चात तालाब के समीप बने मंदिर में दर्शन पूजन करने से चर्म रोग की समस्या दूर होती है। लोगों को बीमारियों से निजात मिलती है जिसको लेकर प्रतिवर्ष यहां पर ऐतिहासिक भादो छठ मेला का आयोजन किया जाता है। मेले को लोगों किसान मेला भी कहते हैं, क्योंकि यहां पर किसान सामग्री से लेकर बच्चों के खिलौने तक की सामग्री बेची जाती है। मेले में हर उम्र के लोग आकर मेले का लुफ्त उठाते हैं।

सरायख्वाजा गांव में लगने वाला ऐतिहासिक भादो छठ मेला में शाहगंज, गोंडा, फैजाबाद समेत अलग—अलग स्थान से लोग झूला व खिलौने की दुकान लगाने आते हैं।

## जुम्मे की नमाज को लेकर अलर्ट रहा प्रशासन

बागपत। जुम्मे की नमाज को लेकर बागपत में आज पुलिस प्रशासन अलर्ट पर रहा। बागपत शहर बड़ौत शहर और खेकड़ा कस्बे की बड़ी मस्जिदों के पास भारी पुलिस बल की तैनाती रही, जिसके चलते जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान बागपत के आला अधिकारी लगातार सुरक्षा-व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए भ्रमणशील रहे और मुस्लिम धर्म गुरुओं से बातचीत की।

## शार्ट न्यूज

### विदेशी मुद्रा भंडार 86.7 करोड़ डॉलर कम होकर 593.04 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 15 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 86.7 करोड़ डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 593.04 अरब डॉलर रह गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.1 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 525.9 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 38.4 करोड़ डॉलर कम होकर 44 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 3.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.09 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 40 लाख डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।

### भारत, अमेरिका, इस्राइल और यूएई ने नई साझेदारी का एलान

नई दिल्ली। भारत, अमेरिका, इजराइल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आई2यू2 समूह ने कारोबारी समुदायों में अपनी पहल के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अपने लक्ष्यों को आगे बढ़ाने वाली परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए निजी उद्यम भागीदारी का एलान किया है। चार देशों के समूह ने सदस्य देशों के बीच सहयोग और दुनिया भर में साझेदारी बढ़ाने के लिए अपनी वेबसाइट भी लॉन्च की। भारत, अमेरिका, इस्राइल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के मौके पर नई आई2यू2 वेबसाइट और निजी उद्यम भागीदारी शुरू की है। भारत, अमेरिका, इजराइल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आई2यू2 समूह ने कारोबारी समुदायों में अपनी पहल के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अपने लक्ष्यों को आगे बढ़ाने वाली परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए इस निजी उद्यम भागीदारी का एलान किया है। चार देशों के समूह ने सदस्य देशों के बीच सहयोग और दुनिया भर में साझेदारी बढ़ाने के लिए अपनी वेबसाइट भी लॉन्च की। भारत के विदेश मंत्रालय के सचिव दम्मू रवि, इजरायल के विदेश मंत्रालय के महानिदेशक रोनेन लेवी, संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रालय के विदेश मंत्री अहमद अली अल सईघ और अमेरिकी विदेश विभाग के अवर सचिव जोस डब्ल्यू फर्नांडीज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र से इतर न्यूयॉर्क में आई2यू2 शेरपाओं की बैठक के दौरान इसकी घोषणा की।

### लक्स इंडस्ट्रीज के ठिकानों पर छापा

**नई दिल्ली।** 200 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी के आरोपों के मामले में आयकर विभाग लक्स इंडस्ट्रीज के ठिकानों पर छापेमारी कर रहा है। कोलकाता सहित कंपनी से जुड़े परिसरों में कई शहरों में तलाशी चल रही है। सूत्रों के अनुसार छापे में शीर्ष अधिकारियों के कार्यालय और आवास शामिल हैं। बता दें कि लक्स इंडस्ट्री को पहले विश्वनाथ होजरी मिल्स के नाम से जाना जाता था। इसकी स्थापना गिरधारी लालजी टोडी ने साल 1957 में की थी। कंपनी पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के अंत:वस्त्र (अंडरगार्मेंट्स) का निर्माण करती है। पिछले साल शेयर बाजार की नियामक संस्था सेबी ने इनसाइडर ट्रेडिंग में शामिल होने के आरोप में 14 लोगों पर प्रतिबंध लगाया था इन लोगों मेंलक्स इंडस्ट्री के प्रबंध निदेशक अशोक टोडी के बेटे उदित टोडी का नाम भी शामिल था। उदित कंपनी में कार्यकारी निदेशक का पद संभाल रहे थे। सेबी ने उक्त मामले में लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 2.94 करोड़ रुपये के अवैध लाभ को जब्त करने का आदेश दिया था।

### अनुग्रह राशि और फेस्टिवल एडवांस का एलान

नई दिल्ली। त्रिपुरा के वित्त मंत्री प्रणजीत सिंह रॉय ने आगामी दुर्गा पूजा उत्सव के लिए राज्य सरकार के 1.97 लाख कर्मचारियों के लिए अनुग्रह राशि और त्योहार अग्रिम की घोषणा की है। समूह सी और डी के कर्मचारियों के लिए त्योहार अनुदान या अनुग्रह राशि 1,500 रुपये से बढ़ाकर 1,800 रुपये कर दी गई है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि ग्रुप ए, बी और सी के कर्मचारियों के लिए फेस्टिवल एडवांस 2000 रुपये होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को इस उद्देश्य के लिए 36 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। उन्होंने दावा किया कि त्रिपुरा की राजकोषीय स्थिति विवेकपूर्ण है और भाजपा-आईपीएफटी सरकार ने पिछले वित्त वर्ष से लोगों पर ऋण के बोझ को कम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने सिविल सचिवालय में संवाददाताओं से कहा कि एफआरबीएम (राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, FRBM) के तहत राज्य 2022-23 के दौरान 2,664 करोड़ रुपये का कर्ज ले सकता है लेकिन कोई कर्ज नहीं लिया गया क्योंकि राजकोषीय बोझ बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।

### भारतीय वाहन बीमा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप रोडजेन नैस्डैक में सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संचालित एक प्रमुख वैश्विक वाहन बीमा प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में उभरी भारतीय स्टार्टअप रोडजेन को नैस्डैक में सूचीबद्ध किया गया है। कंपनी ने गुरुवार को नैस्डैक पर अपनी शुरुआत की, इसके सामान्य शेयर आरडीजेडएन प्रतीक के तहत नैस्डैक ग्लोबल मार्केट पर कारोबार करते थे और इसके वारंट आरडीजेडएनडब्ल्यू प्रतीक के तहत नैस्डैक कैपिटल मार्केट पर कारोबार कर करते दिखे। कंपनी 22 सितंबर, 2023 को न्यूयॉर्क शहर के नैस्डैक में समापन घंटी बजाएगी। एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि वैश्विक दृष्टिकोण के साथ भारत में निर्मित, रोडजेन ने 683 मिलियन अमरीकी डालर के प्री-मनी इक्विटी मूल्य को हासिल करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। सार्वजनिक रूप से जाना रोडज़ेन की यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है, फिर भी यह विश्व स्तर पर ड्राइवरों को सरल, स्मार्ट और सुरक्षित बीमा प्रदान करने के हमारे मिशन में केवल एक मील का पत्थर है। रोडजेन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन मल्होत्रा के हवाले से एक अन्य विज्ञप्ति में कहा गया है, हम 800 अरब डॉलर के ऑटो बीमा बाजार को नया आकार देने में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता के बारे में अविश्वसनीय रूप से उत्साहित हैं और एआई, मोबिलिटी और बीमा के चौराहे पर रोडजेन को अग्रणी बनाने के लिए अपना ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं।

### जेपी मॉर्गन भारत को उभरते बाजारों के बेंचमार्क सूचकांक में जोड़ेगा, मिलेगा ये फायदा

नई दिल्ली। जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी अपने उभरते बाजारों के बेंचमार्क सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड को जोड़ेगी। यह एक उत्सुकता भरा ऐसा फैसला है जिसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। यह फैसला देश के ऋण बाजार में अरबों के विदेशी प्रवाह को बढ़ा सकता है। यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए भारत की बढ़ती अपील का नवीनतम संकेत है क्योंकि देश की आर्थिक वृद्धि प्रतिस्पर्धियों से आगे निकल गई है। इसका भू-राजनीतिक प्रभाव बढ़ रहा है और एप्पल सहित वैश्विक कंपनियां चीन के विकल्प की तलाश कर रही हैं। हालांकि विदेशी भारतीय बॉन्ड बाजार में एक छोटी भूमिका निभाते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में प्रवाह बढ़ रहा है और देश की संपत्ति वित्तीय अशांति के लिए लचीला साबित हुई है, जिसने अन्य विकासशील देशों को परेशान किया है। सूचकांक प्रदाता 28 जून, 2024 से जेपी मॉर्गन सरकारी बॉन्ड सूचकांक-उभरते बाजारों में भारतीय प्रतिभूतियों को जोड़ देगा। गुरुवार को एक बयान के अनुसार, दक्षिण एशियाई राष्ट्र का सूचकांक में अधिकतम 10त्न का भार होगा। जेपी मॉर्गन गवर्नमेंट बॉन्ड इंडेक्स-इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल करने को वैश्विक निवेशकों के लिए भारत के प्रति बढ़ती अपील के एक और संकेत के रूप में देखा जा सकता है क्योंकि यह सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। यह घटनाक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि विभिन्न वैश्विक विनिर्माण दिग्गज महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था में अपनी चीन+1 विविधीकरण रणनीति के हिस्से के रूप में कारोबार स्थापित करने के लिए भारत की ओर देख रहे हैं।

# एल्युमीनियम के बर्तन, खिलौने, पेंट, कोहल आईलाइनर लेड प्रदूषण के प्रमुख कारक

नयी दिल्ली। भारत में एल्युमीनियम के बर्तन, खिलौने, पेंट, मसाले और कोहल आईलाइनर जैसे उत्पाद लेड प्रदूषण फैलाने के प्रमुख कारक बताये गये हैं और इस प्रदूषण से निटपने पर देश में प्रति वर्ष 10 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई जा सकती है।

प्योर अर्थ द्वारा भारत सहित 25 देशों में लेड प्रदूषण पर आधारित एक सर्वेक्षण में यह दावा किया गया है। देश में तीन राज्यों महाराष्ट्र, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के बाजारों से उठाये गये उत्पादों की जांच के आधार पर सर्वेक्षण में यह दावा किया गया है। वैश्विक स्तर पर 25 देशों में 5000 से अधिक उत्पादों के परीक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार किया गया है।

शोधकर्ताओं ने आर्मेनिया, अजरबैजान, बंगलादेश, बोलीविया, कोलंबिया, मिस्र, जॉर्जिया, घाना, भारत के महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश राज्य, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, केन्या, किर्गिस्तान, मैक्सिको, नेपाल, नाइजीरिया, पाकिस्तान, पेरू, फिलीपींस, ताजिकिस्तान, तंजानिया, ट्यूनीशिया, तुर्की, युगांडा और वियतनाम सहित 25 देशों के 70 बाजारों से उत्पाद एकत्र किए।

इस रिपोर्ट पर भारत के लेड मैन डॉ. थुप्पिल वेंकटेश ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, लेड के संपर्क में आने से न केवल आर्थिक क्षति होती है, बल्कि यह आईक्यू को भी कम करता है और गरीबों को और भी गहरी गरीबी में धकेल देता है। यह लैंसेट पेपर दुनिया भर के सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों और चिकित्सकों, विशेष रूप से कार्डियोलॉजी के चिकित्सकों के लिए एक चेतावनी है। डेटा सुझाव



देता है कि हृदय रोग का प्रबंधन करते समय लेड एक्सपोज़र के स्तर पर विचार किया जाना चाहिए और रोगियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करने के लिए यह चिकित्सीय उपाय आवश्यक हो सकते हैं। इसमें लेड उत्पादों के संपर्क को खत्म करना या काफी हद तक कम करना शामिल हो सकता है जो रक्त में लेड के उच्च स्तर को कम करने का उपाय बन सकते हैं।

प्योर अर्थ इंडिया की कार्यवाहक कंट्री निदेशक लावण्या नांबियार ने रिपोर्ट पर कहा यदि लैंसेट पेपर में रिपोर्ट किए गए हाई ब्लड लेड लेवल, संबंधित आईक्यू हानि, और समग्र मृत्यु दर सच है, तो लेड एक्सपोज़र के इन उच्च स्तर को केवल बैटरी रीसाइक्लिंग के औद्योगिक स्त्रोतों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, जैसा कि पहले माना गया था। प्योर अर्थ के 25-देशों के सर्वेक्षण में पाया गया कि रोजमर्रा की घरेलू वस्तुएं, उपभोक्ता उत्पाद और दूषित भोजन सभी उच्च स्तर की लेड विषाक्तता में योगदान करते हैं। लेड प्रदूषण को हल करने और जीवन बचाने के लिए हमें अपने कुकवेयर, खिलौने, पेंट, खाद्य पदार्थ, मसालों और अन्य उत्पादों में लेड कंटामिनेशन की निगरानी करने और उसे रोकने की जरूरत है जो संक्रमण का कारण बन सकते हैं। शुक्र है, व्यावहारिक समाधान उपलब्ध हैं जिनमें ब्लड लेड परीक्षण के माध्यम से लेड की व्यापकता की निगरानी करना, जोखिम स्त्रोतों का विश्लेषण करना और लेड एक्सपोज़र को कम करने के लिए पहचाने गए प्रमुख स्त्रोतों को संबोधित करना और महत्वपूर्ण नीतियों को लागू करने के लिए हितधारकों की क्षमता विकसित करना शामिल है।

प्योर अर्थ के एडवोकेसी एंड कम्युनिकेशंस के निदेशक संदीप दहिया ने कहा, लेड के संपर्क, इसके प्रभाव और प्रदूषण के ज्ञात समाधानों की यह विस्तारित समझ कार्रवाई का एक स्पष्ट आह्वान है। हमारा विश्लेषण बताता है कि सभी प्रकार के लेड मिटिगेशन इंटरवेंशन/समाधान अत्यधिक प्रभावी एवं लाभकारी हैं और इनका रिटर्न बहुत अच्छा है। स्पाइस/मसाला मिटिगेशन पर खर्च किए गए प्रत्येक डॉलर के लिए, लाभ 20,000 डॉलर से अधिक रिटर्न है, जो निवेश पर एक उल्लेखनीय रिटर्न है। इसी तरह, लेड पेंट विनियमन से 1200 डॉलर का रिटर्न दिखा है। दुनिया भर में दाता समुदाय और सरकारों को लेड विषाक्तता की जाँच करने और ऐसे समाधानों में निवेश करने की आवश्यकता है जो इसके प्रभाव के पैमाने के साथ अधिक संरेखित हों। इसके अलावा, शिक्षा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, हृदय रोग और स्ट्रोक में निवेश करने वाली सरकारों और विकास एजेंसियों को इस बात पर विचार करने की आवश्यकता है कि ये निवेश लेड के संपर्क से होने वाले नुकसान को कैसे कम प्रभावी हो रहे हैं।

# शेयर बाजार में चौथे दिन भी गिरावट

मुंबई । वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, कमोडिटीज, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार चौथे दिन भी गिरावट पर रहा।

बीएसई का संवेद सूचकांक सेंसेक्स 221.09 अंक लुढ़ककर 66009.15 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 68.10 अंक की गिरावट लेकर 19674.25 अंक रहा गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली कंपनियों में बिकवाली का दबाव रहा लेकिन छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.14 प्रतिशत टूटकर 31,948.76 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 37,057.48 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3781 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1857 में गिरावट जबकि



1777 में तेजी रही वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां बिकवाली के दबाव में रही जबकि शेष 20 में लिवाली हुई।

बीएसई 14 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान हेल्थकेयर 1.30, कमोडिटीज 0.62, ऊर्जा 0.23, एफएमसीजी 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.17, आईटी 0.10, यूटिलिटीज 0.24, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.84, धातु 0.42, तेल एवं गैस 0.45, पावर 0.27, रियल्टी 0.73, टेक 0.12 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.40 प्रतिशत गिरे।

विश्व बाजार का रुख मिश्रित रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.58, हांगकांग का हैंगसेंग 2.28 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.55 प्रतिशत की तेजी पर रहा जबकि जर्मनी का डैक्स 0.10 और जापान का निक्केई 0.52 प्रतिशत लुढ़क गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 15 अंक फिसलकर 66,215.04 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत दोपहर बाद 66,445.47 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 65,952.83 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 66,230.24 अंक के मुकाबले 0.33 प्रतिशत गिरकर 66,009.15 अंक रह गया।

निफ्टी तीन अंक बढ़कर 19,744.85 अंक पर सपाट खुला। सत्र के दौरान यह 19,798.65 अंक के उच्चतम जबकि 19,657.50 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,742.35 अंक की तुलना में 0.34 प्रतिशत टूटकर 19,674.25 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में विप्रो 2.32, एचडीएफसी बैंक 1.57, अल्ट्रासिमको 1.50, पावरग्रिड 1.34, सन फार्मा 1.26, आईटीसी 0.94, आईसीआईसीआई बैंक 0.94, टाटा मोटर्स 0.93, टाइटन 0.89, टाटा स्टील 0.86, भारती एयरटेल 0.60, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.48, रिलायंस 0.44, एनटीपीसी 0.42, एचसीएल टेक 0.39, इंफोसिस 0.39 और बजाज फाइनेंस 0.15 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसइंड बैंक 2.92, मारुति 2.34, एसबीआई 1.67, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.52, बजाज फिनसर्व 1.11, एशियन पेंट 1.04, टेक महिंद्रा 0.94, एलटी 0.66, टीसीएस 0.52, एक्सिस बैंक 0.32, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.31, नेस्ले इंडिया 0.22 और कोटक बैंक ने 0.01 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से एग्जीबिटर्स गदगद

ग्रेटर नोएडा। इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेशभर से दो हजार से अधिक एग्जीबिटर्स अपने अपने उत्पादों के साथ पहुंचे हैं। वहीं ट्रेड शो को लेकर एग्जीबिटर्स में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां की व्यवस्थाओं की सभी सराहना कर रहे हैं। एग्जीबिटर्स इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष रूप से धन्यवाद देते दिखे।

वाराणसी निवासी अंगिका कुशवाहा यहां डमी लूम के साथ पहुंची हैं।

उन्होंने बताया कि वह बनारसी साड़ी तैयार करती हैं। उनके पास 300 करघे हैं, जिसपर एक हजार लोगों की टीम बनारसी साड़ी तैयार करती है। टेक्सटाइल में पीएचडी अंगिका के अनुसार यहां हम बनारसी साड़ी के निर्माण की बारीकियों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में बुनकरों को तमाम तरह की सुविधाएं मिल रही हैं। उन्हें लोन आदि लेने के लिए अब परेशान नहीं पड़ता।

मुरादाबाद के पद्मश्री सम्मान से सम्मानित शिल्पकार दिलशाद हुसैन यहां पीतल पर बनी नक्काशियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए यूपी के एग्जीबिटर्स को दुनियाभर के बायर्स के सामने अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि यहां बहुत अच्छी व्यवस्था, पहली बार एग्जीबिटर्स को इतनी बेहतरीन सुविधाओं के साथ अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिला है।

# इंस्पायर फिल्म्स का आईपीओ 25 सितंबर को खुलेगा

नयी दिल्ली। मीडिया प्रोडक्शन कंपनी इंस्पायर फिल्म्स लिमिटेड का पूंजी बाजार से पूंजी जुटाने के उद्देश्य से लाये जा रहे प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 सितंबर को खुलेगा।

कंपनी के प्रवर्तक यश पटनायक ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुये कहा कि 10 रुपये अंकित मूल्य के आईपीओ का मूल्य 59 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी 35,98,000 शेयरों का आईपीओ ला रही है, जिससे कुल 21.22 करोड़ रुपये जुटाए जाएँगे। न्यूनतम 2,000 शेयर के लिए बोली लगानी होगी। यह आईपीओ 27 सितंबर को बंद होगा।

उन्होंने कहा कि शेयरों के आवंटन में एंकर निवेशकों के लिए 10,24,000 शेयर, योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए 6,82,000 शेयर, हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स (एचएनआई) के लिए 5,14,000 शेयर, खुदरा निवेशकों के लिए 11,98,000 शेयर और मार्केट मेकर्स के लिए 1,80,000 शेयर शामिल हैं। एंकर अलॉटमेंट की तारीख 22 सितंबर तय की गई है।

# निवेश के लिए रियल एस्टेट प्रसंदीदा परिसंपत्ति

नयी दिल्ली। आवास की कीमतों और आवास ऋण ब्याज दरों में बढोतरी के बावजूद निवेशकों के लिए रियल एस्टेट पंसदीदा परिसंपत्ति बना हुआ है और इसमें भी रेड्डी टू मूव श्रेणी के आवासों की मांग अधिक है।

रियल एस्टेट उद्योग के संगठन नारेडको के सहयोग से प्रॉपटेक कंपनी हाउसिंग डॉटकॉम द्वारा जारी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। 'रेजिडेंशियल रियल्टी कंज्यूमर सेंटीमेंट आउटलुक एच2 2023 - ट्रेंड्स इंग इनसाइट्स' नाम से जारी इस रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। जनवरी से लेकर जून 2023 तक संचालित यह एक ऑनलाइन सर्वे था जिसमें एक हज़ार से अधिक संभावित घर खरीददारों से बातचीत की गई।

सर्वेक्षण के अनुसार 48 प्रतिशत लोग स्टॉक्स फिक्स्ड डिपॉजिट और स्वर्ण जैसी दूसरी परिसंपत्ति श्रेणियों की अपेक्षा कहीं बहुत ज्यादा रियल एस्टेट में निवेश करने के पक्ष में हैं। आँकड़ों से पता चलता है कि 18 प्रतिशत लोग स्टॉक मार्केट को वरीयता देते हैं, 19 प्रतिशत की पसंद फिक्स्ड डिपॉजिट है और 15 प्रतिशत लोग सोना में निवेश करना चाहते हैं।

नारेडको के अध्यक्ष राजन बन्देलकर ने कहा कि हाल में संपन्न जी20 शिखर सम्मलेन का समग्र अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और यह नीति, निवेश, एवं सस्टेनेबिलिटी पर विचारों के माध्यम से भारत के रियल एस्टेट को एक नया स्वरूप प्रदान कर सकता है। महामारी की चरम अवस्था के दौरान देखी गई मंदी के विपरीत उपभोक्ताओं का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। हालाँकि, आमदनी की संभावना थोड़ी कम हुई है, फिर भी रियल एस्टेट 48 प्रतिशत उत्तरदाताओं की पसंदीदा ऐसेट क्लास बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रॉपर्टी मूल्य और ब्याज दरों के कारण निकट भविष्य में घर खरीदने के लिए स्टाम्प ड्यूटी और जीएसटी में छूट जैसे प्रोत्साहन प्रमुख प्रेरक होंगे। इन प्रोत्साहनों का लक्ष्य होमओनरशिप को ज्यादा आकर्षक और सुलभ बनाना है। सर्वे में प्रॉपर्टी के चुनाव के बाद व्यक्तिपरक सहयोग का मूल्य उजागर हुआ है, जो सौदा पक्का करने और घर खरीदने का सामान्य अनुभव बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

# अजनाएक्सआर प्रो और अजनाएक्सआर एसई मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट का प्रदर्शन

नयी दिल्ली। अजनालेंस एक्सआर टेक्नोलॉजी ने अत्याधुनिक मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट अजनाएक्सआर एसई और अजनाएक्सआर प्रो का प्रदर्शन किया है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि इन्हें इमर्सिव लर्निंग एवं कौशल विकास को सभी की पहुँच में लाने और भारत को एक्सआर में दुनिया का अग्रणी बनाने के लिये डिजाइन किया गया है। एक्सआर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस, दोनों की व्यापक पेशकश के साथ, एक्सआर टेक्नोलॉजी में पहल कर रही भारत की एकमात्र कंपनी के तौर पर अजनालेंस राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक्सआर के




परिदृश्य को नया आकार देने के लिये समर्पित है। यह सिर्फ टेक्नोलॉजी में उन्नति का मिशन नहीं है, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, स्थायित्व को बढ़ावा देने और देश को एक्सआर टेक्नोलॉजी में आगे रखने के लिये है।

अजनालेंस का मानना है कि भारत दुनिया में एक्सआर का अग्रणी बनने की स्थिति में है और कंपनी बदलाव के इस सफर में आगे रहने के लिये प्रतिबद्ध है। सटीक हैण्ड-ट्रैकिंग, जेस्चर कंट्रोल्स और कनेक्टिविटी जैसी खूबियों के साथ उद्यम-श्रेणी के यह हेडसेट विभिन्न कार्यक्षेत्रों में व्यवसायों और पेशेवरों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये डिजाइन किये गये हैं। अजनाएक्सआर प्रो में 256 जीबी के स्टोरेज, 5500एमएएच की बैटरी और हैण्ड ट्रैकिंग के साथ ड्यूअल 2.1 इंच डिस्प्ले है। अजनाएक्सआर एसई, जिसमें ड्यूअल 2.1 इंच एफ एलसीडी डिस्प्ले है।

### एसबीआई ने इंफ्रास्ट्रक्चर बांड के माध्यम से जुटाये 10,000 करोड़

नयी दिल्ली। देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने चौथे इंफ्रास्ट्रक्चर बांड के माध्यम से आज 7.49 प्रतिशत ब्याज पर 10,000 करोड़ रुपये जुटाये। बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि इस इश्यू को 21045.10 करोड़ रुपये की बोली के साथ निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और बेस इश्यू साइज चार हजार करोड़ रुपये के मुकाबले इसे 5 गुना से अधिक अभिदान मिला। बोलियों की कुल संख्या 134 थी जो बोलियों की विविधता के साथ व्यापक भागीदारी का संकेत देती है। निवेशक भविष्य निधि, पेंशन फंड, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, कॉरपोरेट्स आदि से थे।

### आईनॉक्सएपी को तमिलनाडु में फर्स्ट सोलर से नाइट्रोजन आपूर्ति का 20 साल का ठेका

नयी दिल्ली। औद्योगिक और चिकित्सा गैसों की देश की प्रमुख विनिर्माता आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स ने कहा है कि उसे फर्स्ट सोलर के तमिलनाडु फोटो वोल्टोवोल्टिक (पीवी) सेल विनिर्माण केंद्र को 20 साल तक नाइट्रोजन गैस आपूर्ति का अनुबंध मिला है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि वह पीवी सेल विनिर्माण क्षेत्र की तमिलनाडु में पिल्लईपक्कम में फर्स्ट सोलर के नए कारखाने के लिए उच्च शुद्धता वाली नाइट्रोजन गैस की आपूर्ति के लिए यह ठेका प्राप्त किया है। फर्स्ट सोलर पीवी सेल विनिर्माण के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी कंपनी बतायी जाती है। आईनॉक्सएपी के अनुसार वह इस अनुबंध के तहत क्रायोजेनिक नाइट्रोजन जेनरेटर का डिजाइन, उसके बनाने की इंजीनियरिंग सेवा, स्थापना और संचालन का काम भी करेगी ताकि उसे उच्च गुणवत्ता का क्रायोजेनिक (परम निम्नताप वाली) नाइट्रोजन गैस की आपूर्ति की जा सके। वहां क्रायोजेनिक नाइट्रोजन जेनरेटर की क्षमता 2400 एनएम3/ प्रति घंटा होगी। आईनॉक्सएपी के प्रबंध निदेशक, सिद्धार्थ जैन ने कहा, आईएनओएक्स एयर प्रोडक्ट्स को पर्यावरण हितैसी सौर ऊर्जा मॉड्यूल के वैश्विक विनिर्माता फर्स्ट सोलर की भारत यात्रा में साझेदारी करके खुशी हो रही है। यह साझेदारी अगली पीढ़ी के लिए अधिक टिकाऊ भविष्य बनाने के हमारे प्रयासों के अनुरूप है। भारत में फर्स्ट सोलर के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुजॉय घोष ने कहा, हमारी पूरी तरह से लंबवत एकीकृत विनिर्माण सुविधा भारत की डीकार्बोनाइजेशन और ऊर्जा सुरक्षा की महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति में मदद करने वाली है।

### नेफेड की 15 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा

नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सदस्य संघों/सोसाइटियों को 15 प्रतिशत लाभांश देने की आज घोषणा की। नेफेड के अध्यक्ष बिजेंदर सिंह ने संघ की 66वीं वार्षिक बैठक में यह घोषणा करते हुये कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान नेफेड ने 264.51 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया जबकि नेफेड 2010-2015 के दौरान अत्यधिक वित्तीय घाटे के दौर से गुजरा था। नेफेड के अध्यक्ष ने संघ की क्षमताओं पर भरोसा करके संघ के पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुये कहा कि हाल के वर्षों में संघ के असाधारण प्रदर्शन को देखते हुए निदेशक मंडल ने सदस्य संघों/सोसाइटियों को 15 प्रतिशत का लाभांश देने की घोषणा की। इस बैठक में राजफेड, मार्कफेड-पंजाब, बिस्कोमान-बिहार, बंकस, दिल्ली स्टेट को-ऑप फेडरेशन और अहिल्या को-ऑपरेटिव सोसाइटी फेडरेशन जैसे विभिन्न सदस्य समितियों और राज्य संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 558 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# भारतीय अर्थव्यवस्था का 2023-24 का परिदृश्य उज्ज्वल बना हुआ है

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट में शुक्रवार को कहा गया कि जीएसटी संग्रह, ई-वे बिल और पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) जैसे शीघ्रता से आने वाले नियमित आंकड़ों से संकेत मिलता है कि भारतीय अर्थव्यस्था की वृद्धि का आवेग बना हुआ है और चालू वित्तीय वर्ष में अर्थव्यवस्था का परिदृष्य उज्ज्वल बना हुआ है।

वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा (अगस्त 2023) में कहा गया है, वित्त वर्ष 2023-24 का भारत का आर्थिक परिदृश्य उज्ज्वल बना हुआ है।

आर्थिक गतिविधियों की गति बनी हुई है। अल्प अंतराल पर प्राप्त होने वाले आंकड़ों से लगता है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की भी स्थिति अच्छी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2023 में जिन चुनिंदा खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी के चलते मुद्रास्फीति सात प्रतिशत से ऊपर चली गयी थी उनकी कीमतें घट रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि खनिज तेल की कीमतों में हालिया वृद्धि से चिंता उभर रही है लेकिन अभी इसे कोई संकट नहीं माना जाना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार दूसरी तिमाही के अग्रिम कर भुगतान के आंकड़ों से पता चलता है कि निजी क्षेत्र अच्छी स्थिति में हैं और निवेश कर रही हैं।

वित्त वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था के लिए कुछ न कुछ जोखिम तो बने रहते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, कच्चे तेल की कीमतें लगातार चढ़ रही हैं। अगस्त में मानसूनी वर्षा की कमी का असर खरीफ और रबी दोनों फसलों पर पड़ सकता है। इस असर का अनुमान लगाने की जरूरत है।

उल्लेखनीय है कि उपभोग और निवेश की मजबूत घरेलू मांग की मदद से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून, 2023) में पिछले साल की इसी तिमाही की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
शनिवार 23 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### शाह की जगह हसन को पाकिस्तान टीम में जगह

लाहौर। एशिया कप के दौरान चोटिल नसीम शाह की जगह पाकिस्तान ने विश्व कप के दल में हसन अली को जगह दी है जबकि उसामा मीर अतिरिक्त लेग स्पिनर की भूमिका में टीम में होंगे। विश्व कप के लिये पाकिस्तान के 15 सदस्यीय दल में हसन के अलावा शाहीन शाह अफ़रीदी, हारिस रउफ़ और मोहम्मद वसीम जूनियर तेज़ गेंदबाज़ी की बागडोर संभालेंगे। टीम में मोहम्मद हारिस को बल्लेबाजों की सूची में रिज़र्व में रखा गया है। स्पिन गेंदबाज़ी ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज़ ने टीम में अपनी जगह को बरकरार रखा है, लेकिन फ़हीम अशरफ़ टीम का हिस्सा नहीं हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार मुख्य चयनकर्ता इंज़माम-उल-हक़ ने कहा, नसीम हमारे मुख्य गेंदबाज़ थे लेकिन उनका चोटिल होना अफ़सोस की बात है। मोहम्मद हसनैन चोटिल होकर बाहर हैं और इहसानउल्लाह भी। अगर आप हालिया प्रदर्शन देखें, तो हसन अली ने काफ़ी प्रभावित किया है। वह नई गेंद से कई बार पाकिस्तान के लिए बड़े टूर्नामेंट खेल चुके हैं। जब नसीम बाहर हुए थे तब हमें ऐसा गेंदबाज़ चाहिए था को नई गेंद के साथ सहज हो। वह एक टीम खिलाड़ी हैं और उनके होने से पूरे दल में ऊर्जा भी बढ़ेगी। दुर्भाग्यवश, डॉक्टर के रिपोर्ट के हिसाब से नसीम काफ़ी समय के लिए बाहर रहेंगे। मेरी नज़र में इस दौरान वह दुनिया के सबसे बेहतरीन गेंदबाज़ थे।

### श्रीलंका ने थाईलैंड को आठ विकेट से हराया

हांगझोउ। एशियाई खेल 2023 में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को खेले गये तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में थाईलैंड को आठ विकेट से हराया दिया है। आज सुबह श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड ने 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 78 रन स्कोर बनाया। थाईलैंड की ओर सबसे अधिक नाबाद 31 रन चानिदा सुथ्थीरुआंग ने बनाये। इसके अलावा उनकी टीम के किसी खिलाड़ी का स्कोर दहाई अंक में भी नहीं पहुंचा सका। उतरी श्रीलंका की ओर से पारी की शुरुआत अनुष्का संजीवनी और चमारी अटापट्टू (कप्तान) ने शुरुआत की। दोनो सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े। श्रीलंका का पहला विकेट ओपनर चमारी अटापट्टू (कप्तान) (27) के रूप में सातवें ओवर में गिरा। अटापट्टू को पुत्थावॉन्ग ने चाईवाई के हाथों कैच कराकर पवैलिया का रास्ता दिखाया। वहीं श्रीलंका की ओर से सबसे अधिक 32 रन अनुष्का संजीवनी ने बनाए। संजीवनी को नौवें ओवर में पुत्थावॉन्ग ने तिप्पॉच के हाथों कैच कराकर आउट किया। उस समय टीम का स्कोर 65 रन था। हर्षिता समाराविक्रमा (14) और विश्मी गुणारत्ना (8) रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका को तीन अतिरिक्त रन मिले। श्रीलंका टीम ने 10.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

### मोदी रखेंगे काशी में क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला

वाराणसी। देश की सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर विख्यात वाराणसी में 451 करोड़ रूपये की लागत से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। स्टेडियम का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 सितंबर को करेंगे जिसमें सचिन तेंदुकलर और सुनील गावस्कर जैसे तमाम दिग्गजों के भाग लेने की संभावना है। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देने 23 सितम्बर को काशी आ रहे है। करीब 451 करोड़ के लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से मैच देखने के साथ ही, इंटरनेशनल क्रिकेटर का आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार होगा। स्टेडियम के शिलान्यास में क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर व सुनील गावस्कर के आने की संभावना है। इस परियोजना में योगी सरकार ने जमीन अधिग्रहण पर 121 करोड़ रुपये खर्च किए हैं जबकि बीसीसीआई 330 करोड़ रुपये खर्च करके स्टेडियम का निर्माण कराएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने यह ज़मीन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) को लम्बे समय के लिए पट्टे पर दी है। 30 हज़ार दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम में सात पिच (प्रैक्टिस व मेन विकेट) तथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के नियमनुसार अत्याधुनिक स्टेडियम निर्माण होगा। स्टेडियम के दिसंबर 2025 तक बनकर तैयार होना संभावित है।

### रोइंग : अर्जुन-अरविंद की जोड़ी फाइनल में



नई दिल्ली। रोइंग में भारत के अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने 6: 55.78 के समय के साथ रेपचेज-1 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल रविवार को खेला जाएगा। लाइटवेट पुरुष डबल्स स्कल्स में बेहतर प्रदर्शन के साथ भारतीय जोड़ी ने पहला स्थान हासिल किया। जापान (7: 05.91) और फिलिपीन (7: 10.97) तीसरे स्थान रहा। इस बीच सतनाम सिंह और परमिंदर सिंह की अन्य भारतीय जोड़ी ने (6: 48.06) डबल स्कल्स के फाइनल में प्रवेश कर लिया। इराक ने भी फाइनल ए में प्रवेश किया। इसके अलावा हांगकांग, चीन, श्रीलंका और कुवैत ने भाग लिया।

### न्यूयॉर्क बस दुर्घटना में दो महिलाओं की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका में न्यूयॉर्क प्रांत के ऑरेंज काउंटी में गुरुवार दोपहर एक राजमार्ग पर बस पलटने से कम से कम दो महिलाओं की मौत हो गई और कई छात्र घायल हो गए। न्यूयॉर्क प्रांत पुलिस के प्रवक्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि बस में सवार दो वयस्क महिलाओं की मौत हो गई और कम से कम पांच बच्चों की हालत गंभीर है। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड से एक हाई स्कूल बैंड के सदस्यों को लेकर बस पेंसिल्वेनिया में एक संगीत शिविर कार्यक्रम के लिए जा रही थी। हवाई फुटेज में तटबंध के नीचे पेड़ों और झाड़ियों के बीच एक कोच-शैली की बस दिखाई दे रही है। दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन सेवाओं के कर्मचारी और पास में राजमार्ग पर एक चिकित्सा हेलीकॉप्टर खड़ा है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि बस के टायर खराब होना दुर्घटना का कारण बना। उन्होंने की जांच की जा रही है।

### माइकल जैक्सन का मूनवॉक हैट नीलामी के 'बाजार' में

पेरिस। प्रसिद्ध पॉप स्टार माइकल जैक्सन ने जिस हैट को अपने पहले प्रसिद्ध 'मूनवॉक' डांस प्रस्तुत करने से ठीक पहले मंच की एक ओर उछाल दिया था, चार दशक बाद वह हैट अब पेरिस में नीलामी के लिए उपलब्ध है। इस हैट की नीलामी पेरिस के होटल ड्राउट में बिक्री 26 सितंबर को होगी। 'ब्लैक फेडोरा' नाम के इस हैट की कीमत 60,000 से 100,000 यूरो ( डॉलर 64,000-डॉलर 07,000) के बीच लगने की उम्मीद है। यद्यपि यह रॉक यादगार वस्तुओं की लगभग 200 वस्तुओं में से एक चमकता सितारा है फिर भी आर्टपेजेस गैलरी के आयोजक आर्थर पेरॉल्ट ने स्वीकार किया कि नकली वस्तुओं की बिक्री और उनके खिलाफ आरोपों के कारण जैक्सन वस्तुओं के मूल्यांकन में हाल ही में गिरावट आई है। डॉन समाचार पत्र में छपी एक रिपोर्ट में बताया गया कि जैक्सन पर लंबे समय से बाल शोषण का आरोप लगाया गया था और उनके उत्तराधिकारी अभी भी इसको नकारते हैं तथा स्वयं गायक ने 2009 में 50 वर्ष की आयु में अपनी मृत्यु तक इस आरोप से इनकार किया था। पॉप किंग ने 1983 में अपनी प्रसिद्धि के चरम पर एक टेलीविज़न मोटाउन कॉन्सर्ट के दौरान अपने हिट बिली जीन के दौरान ब्रेकिंग डांस में हैट उतार दी।

# रफ्तार और रोमांच के इवेंट का हुआ आगाज, फाइनल रेस के साक्षी बन सकते हैं सीएम योगी

## शुक्रवार को प्रैक्टिस सेशन के साथ बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर हुआ मोटो जीपी भारत का पदार्पण

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। रफ्तार और रोमांच के दीवानों का मनपसंद इवेंट मोटो जीपी का शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर आगाज हो गया। 22 से 24 सितंबर तक चलने वाले इस पहले मोटो जीपी भारत के तहत शुक्रवार को मोटो-3, मोटो-2 और मोटो जीपी के प्रैक्टिस सेशन की शुरुआत हुई। मुख्य रेस और उसके पहले क्वालीफाइंग रेस रविवार 24 सितंबर को आयोजित होगी। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस फाइनल इवेंट के साक्षी बन सकते हैं। मोटो जीपी के लिए भारत आए 275 ब्रांड्स और कंपनियों के टॉप सीईओज के साथ बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में बिजनेस कॉन्क्लेव में हिस्सा लेने के बाद सीएम भी रफ्तार से भरे इस रोमांचक इवेंट को निहार सकते हैं।

### विदेशी मेहमानों को बताई जाएगी यूपी की ग्रोथ स्टोरी

सीएम योगी 24 सितंबर को मोटो जीपी से जुड़े बड़े ब्रांड्स और कंपनियों के सीईओ और अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इन्वेस्ट यूपी के कॉन्क्लेव हॉल में होने वाली इस मीटिंग में सीएम योगी मुख्य वक्ता होंगे। वह विदेशी मेहमानों को उत्तर प्रदेश के बढ़ते कद, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, उद्योगों के लिए सुरक्षित माहौल और सरकार की उदार नीतियों से परिचित कराएंगे। इस दौरान उत्तर प्रदेश की समृद्ध छवि पर एक इंट्रोडक्ट्री मूवी भी दिखाई जाएगी। सीएम योगी के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट मिनिस्टर नंद गोपाल नंदी और इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर मनोज कुमार सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मोटो जीपी के सीईओ और सीसीओ भी संबोधन करेंगे। इस मीटिंग के बाद सीएम योगी कुछ देर के लिए रेस को भी देखेंगे।



### दिग्गज कंपनियों के सीईओज आ रहे हैं यूपी

इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमडब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां किसी न किसी रूप में भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के सीईओ व प्रतिनिधि भी इवेंट में शिरकत करने के लिए यूपी आ रहे हैं। मोटो जीपी की छवि एक ऐसे समृद्ध खेल की है, जिसे न सिर्फ बड़ी संख्या में फैंस का सपोर्ट है बल्कि दुनिया भर के बड़े ब्रांड्स भी इसे तवज्जो देते हैं। कुछ वर्षों में इस खेल ने होस्ट कंट्रीज की अर्थव्यवस्था में भी बड़ा योगदान दिया है।

यह खेल टू व्हीलर्स इंडस्ट्री को रिप्रजेंट करता है और भारत व एशिया के अधिकांश हिस्सों में इसकी मजबूत स्थिति है। साथ ही मोटो जीपी ने खेल के माध्यम से रोड सेफ्टी और रोड टू मोटोजीपी कार्यक्रमों जैसे सोशल इनीशिएटिव्स से मोटरसाइकिल सेक्टर और उससे आगे के लिए सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी डेवलप करने की दिशा में जो काम किया है वह सकारात्मक बदलाव लाया है।

मोटो जीपी भारत को लेकर सिर्फ यूपी और देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में लोग चर्चा कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहली बार हो रहे इस आयोजन को लेकर यूपी और भारत की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट और यहां के खूबसूरत ट्रैक को लेकर दीवाने हुए जा रहे हैं।

साइलेंट रॉकस्टार नाम के एक एक्स यूजर ने लिखा कि मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं मोटो जीपी भारत को लाइव देख रहा हूं।

## अंतिम पंघाल को कांस्य पदक के साथ मिला 2024 ओलंपिक का कोटा

एजेंसी

बेलग्रेड। भारतीय महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की 53 किग्रा स्पर्धा में स्वीडन की दो बार की यूरोपीय चैंपियन एम्मा जोना डेनिस मालमग्रेन को हराकर कांस्य पदक जीता।

सर्बिया के बेलग्रेड में गुरूवार को खेले गये इस मुकाबले में अंतिम पंघाल ने कांस्य पद जीतने के साथ पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया है। ग्रीष्मकालीन खेलों के आगामी संस्करण के लिए कुश्ती में यह देश का पहला कोटा है।

ओलिंपिक डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, दो बार की अंडर-20 विश्वचैंपियन अंतिम पंघाल ने जोना मालमग्रेन पर दबाव बनाते हुए तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर कांस्य पदक मुकाबले को 16-6 से जीत लिया।

इससे पहले, अंतिम पंघाल ने शुरुआती दौर में 2022 विश्वचैंपियन अमेरिका की डोमिनिक ओलिविया पैरिश को 3-2 से हराया था।

भारतीय पहलवान ने क्वार्टरफाइनल में रूस की नतालिया मालिशेवा के ख़िलाफ़ 9-6 से जीत हासिल करने से पहले राउंड ऑफ 16 में पोलैंड की रोक्साना मार्ता ज़सीना पर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत हासिल की थी।

हालांकि, विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं के 53 किग्रा फ्रीस्टाइल सेमीफाइनल में बेलारूस की वेनेसा कलादज़िंस्काया से अंतिम पंघाल को 5-4 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

## चीन ने एशियाई खेल उद्घाटन समारोह के लिए ध्वजवाहकों की घोषणा

हांगझू। चीन ने तैराक किन हैयांग और बास्केटबॉल खिलाड़ी यांग लिवेई को शुक्रवार को 19वें एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए ध्वजवाहक के रूप में नामित किया गया। तैराकी विश्व चैंपियन किन के नाम तीन स्पर्धाओं में एशियाई रिकॉर्ड और 200 मीटर में एक विश्व रिकॉर्ड है। वह 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के हांगझउ में होने वाले एशियाई खेलों में पुरुषों की 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और दो रिले में भाग लेंगे। महिला बास्केटबॉल कप्तान यांग लिवेई ने पिछले वर्ष विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद जुलाई में एशिया कप की जीत के लिए अपने साथियों का नेतृत्व किया।

## आस्ट्रेलिया को हरा कर भारत ने दी विश्व कप की तैयारियों को दिशा

मोहाली। मोहम्मद शमी (51 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल (74), ऋतुराज गायकवाड(71),केएल राहुल (58 नाबाद) और सूर्यकुमार यादव (50) की इन फार्म बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां पहले एक दिवसीय मैच में आस्ट्रेलिया को आठ गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा कर अगले महीने शुरू हो रहे विश्व कप की तैयारियों को दिशा दिखायी।

भारत ने पहले घातक गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण की मदद से आस्ट्रेलिया की पारी को 50 ओवरों में 276 रनों पर समेट दिया जबकि बाद में बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन करते हुये 48वें ओवर में ही 277 रनों के विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया। यहां



दिलचस्प है कि भारतीय टीम इस मुकाबले में रोहित शर्मा,विराट कोहली,कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज जैसे इन फार्म खिलाडियों की गैर मौजूदगी में मैदान पर उतरी थी।

विश्व कप की तैयारियों के तौर पर देखी जा रही तीन मैचों की श्रृखंला का अगला मैच इंदौर में 24 सितंबर को खेला जायेगा। आईएस बिंद्रा स्टेडियम पर कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीत कर आस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने को कहा।

शमी ने नियमित अंतराल पर मेहमान टीम के विकेट चटकाये जिसके चलते आस्ट्रेलिया की टीम 276 रनो पर ही ढेर हो गयी।

# कनाडा ने भारतीय डिप्लोमैट्स की जासूसी की

## किससे मिले, क्या बात की, ट्रैक किया; निज्जर हत्याकांड की जांच के लिए भारत आए थे अफसर

भारत पर खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाने से पहले कनाडा ने भारत के डिप्लोमैट्स की जासूसी की थी। कनाडा के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी ,क्क को ये जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि कनाडा वहां मौजूद भारतीय अधिकारी और डिप्लोमैट्स की निगरानी कर रहा था। इसके अलावा फाइव आइज देशों के सदस्य ने भी इंटेलिजेंस जुटाने में कनाडा की मदद की थी। कनाडाई मीडिया सीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय डिप्लोमैट्स के कम्युनिकेशन यानी वो किससे मिले, किससे बात की, इन सबको ट्रैक किया गया था।

सीबीसी ने कनाडाई अधिकारी के हवाले से इस बात का भी दावा किया है कि जब भारतीय अधिकारियों पर बंद दरवाजे के पीछे दबाव डाला गया तो उन्होंने निज्जर की हत्या में भारत सरकार के दखल के सबूत होने की



बात से इनकार नहीं किया।

### इस साल 2 बार भारत आए कनाडा के एनएसए

इसके अलावा मीडिया रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि निज्जर की हत्या की जांच में सहयोग मांगने के लिए कनाडा के अधिकारी कई बार भारत दौरे पर गए थे।

कनाडा की एनएसए जोडी थॉमस अगस्त में 4 दिन के दौरान पर भारत में थईं। इसके अलावा वो इस साल भी कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ 5 दिन के लिए भारत आई थीं।

कनाडा के पीएम ट्रूडो ने गुरुवार को न्यूयॉर्क में यूएन जनरल असेंबली की मीटिंग के बाद कहा था कि उन्होंने भारत पर आरोप किसी जल्दबाजी में नहीं, बल्कि पूरी गंभीरता के साथ लगाए हैं। हालांकि, कनाडा ने अपने आरोपों को लेकर अब तक कोई सबूत पेश नहीं किया है।

### भारत ने कनाडाई लोगों के लिए वीजा सर्विस रोकी

कनाडा के साथ बढ़ते तनाव के बीच गुरुवार को भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सेवा पर रोक लगा दी थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था- कनाडा में हमारे डिप्लोमैटिक यूनिट को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज सस्पेंड की गई हैं। साथ ही बागची ने कनाडा पर आतंकियों को पनाह देने का आरोप भी लगाया था।

### भारत बोला- कनाडा के आरोप बेतुके

कनाडा की तरफ से लगाए गए सभी आरोपों को भारत लगातार खारिज करता आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कनाडा के सभी आरोप बेतुके हैं।

इसी तरह के आरोप कनाडाई प्रधानमंत्री ने हमारे पीएम मोदी के सामने भी रखे थे और उन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया गया था।

# गैंगस्टर दुन्नेके की मौत कनाडा पुलिस ने की कंफर्म

## विनिपेग के एक घर में मिला था शव; अज्ञात हमलावरों ने मारी गोलियां



एजेंसी

अमृतसर। कनाडा में भारत के ए कैटेगरी गैंगस्टर सुखदूल सिंह गिल उर्फ सुक्खा दुन्नेके के कत्ल की पुष्टि विनिपेग पुलिस ने कर दी है। पुलिस का कहना है कि उनकी जांच टीम ने मृतक की पहचान सुखदूल सिंह गिल (39) के तौर पर हुई है और उसके परिवार को भी इसकी सूचना दे दी गई है। जिस समय उसका शव एक खाली घर में बरामद हुआ और वहां कोई और मौजूद नहीं था। विनिपेग पुलिस ने बयान में कहा कि 20 सितंबर की स्थानीय समय सुबह करीब 10 बजे नॉर्थ इंकस्टर औद्योगिक क्षेत्र में एक घटना की सूचना मिली।

हेजलटन ड्राइव के 200 ब्लॉक में एक आवास पर एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। दुन्नेके को किसी अज्ञात हमलावर ने गोलियां मारी थी। फिलहाल विनिपेग पुलिस के होमिसाइड यूनिट ने जांच शुरू कर दी, लेकिन अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### कॉलेज प्रधानगी से गैंगस्टर तक का सफर

सुक्खा का परिवार मूलरूप से बठिंडा का रहने वाला है। पिता की नौकरी के चलते वह मोगा में सेटल हो गया। सुक्खा ने जब सरकारी कॉलेज में दाखिला लिया तो वह यूनियन का प्रधान बन गया। जिसके चलते उसकी पहली दुश्मनी उसी कॉलेज में शुरू हुई। विरोधी पार्टी के साथ उसका झगड़ा हुआ और उस पर यह पहला मामला दर्ज हो गया। इसके बाद उस पर कई झगड़ों के मामले दर्ज होने लगे। वह बंबीहा गैंग का करीबी था। 2017 में उस पर एक मामला आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया। इस समय तक उस पर 7 मामले दर्ज हो चुके थे। जिसके बाद उसने फेक पासपोर्ट बनवाया और विदेश भागने में कामयाब रहा। उसके पुलिस की मदद से फेक पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट बनवाया, जिस पर साल 2022 में पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है।

### नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने विश्वविद्यालय के 35 लोगों का किया अपहरण

अबूजा। नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी प्रांत जामफारा में अज्ञात बंदूधारियों ने एक विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों सहित कम से कम 35 लोगों का शुक्रवार को अपहरण कर लिया। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता मुगिरा यूसुफ ने मीडिया को बताया कि सबोन-गिडा क्षेत्र में कुछ छात्रावासों पर हमला करने वाले भारी हथियारों से लैस बंदूकधारियों ने संघीय विश्वविद्यालय गुसाऊ के 24 छात्रों, 10 श्रमिकों और एक सुरक्षा गार्ड को बंधक बना लिया था। सुरक्षा बलों ने अपहृतों की तलाश शुरू कर दी है और हमलावरों को पकड़ने के प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस ने फिलहाल घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। नाइजीरिया का उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र हाल के वर्षों में डकैती, अपहरण और अन्य आपराधिक गतिविधियों से त्रस्त रहा है।

### चीन, वियतनाम सीमा बंदरगाह पर तीन लाख से अधिक मालवाहक वाहन एकत्र

नानिंग। चीन-वियतनाम सीमा पर यूयी पास ने इस साल अब तक तीन लाख से अधिक मालवाहक वाहनों को संसाधित किया है, जो साल दर साल 150 प्रतिशत अधिक है। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सीमा बंदरगाह पर बुधवार की रात करीब नौ बजे तक तीन लाख घरेलू और बाहरी मालवाहक वाहन एकसाथ जमा हुए थे। यह बंदरगाह दक्षिण चीन के गुआंग्शी ज़ुआंग स्वायत्त क्षेत्र में सबसे बड़े भूमि बंदरगाहों में से एक है, और आसियान सदस्य देशों के लिए सबसे सुविधाजनक भूमि मार्गों में से एक और एक महत्वपूर्ण फल प्रवेश बंदरगाह भी है। इस वर्ष के पहले आठ महीनों के दौरान, यूयी पास के माध्यम से आसियान देशों से आयातित फलों की मात्रा करीब 5,40000 टन थी, जिसका मूल्य 16.33 अरब युआन (लगभग 2.28 अरब डॉलर) था, जो साल-दर-साल मात्रा में 125.9 प्रतिशत और मूल्य में प्रतिशत 359.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। बंदरगाह के सूत्रों के अनुसार, कार्गो में ड्यूरियन, कटहल, ड्रैगन फ्रूट, आम, मैंगोस्टीन और अन्य उष्णकटिबंधीय फल शामिल हैं।

### प्रदर्शनकारियों ने सिटी हॉल में लगाई आग

जकार्ता। इंडोनेशिया में प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्र में संचालित पीटी सोना खनन कंपनी की गतिविधियों के लिए मुआवजे की मांग करते हुए गोरोन्तालो प्रांत के सिटी हॉल में आग लगा दी है। इंडोनेशियाई मीडिया ने शुक्रवार को यह खबर दी। गुरुवार को पोहुवाटो रीजेंसी में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। प्रदर्शनकारियों ने कंपनी पर भूमि अतिक्रमण का आरोप लगाया। डेटिक समाचार आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के प्रतिनिधियों ने स्थानीय निवासियों को शांत करने की कोशिश की लेकिन सामान्य झड़प के बाद अराजकता फैल गई। इसके परिणामस्वरूप अंततः कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने पीटी कार्यालय और स्थानीय प्रशासन भवन में आगजनी की। पुलिस ने बाद में कहा कि सिटी हॉल में लगी आग को बुझा दिया गया है लेकिन इमारत को भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने कहा कि झड़पों के परिणामस्वरूप कुल मिलाकर सात संस्थान प्रभावित हुए हैं। प्रांतीय अधिकारियों ने शुक्रवार को सुरक्षा अभियानों को प्रभावी रखने और क्षेत्र में छह स्थानों पर पुलिस बल को मजबूत करने का निर्णय लिया। गोरोंतालो क्षेत्रीय पुलिस के प्रमुख रोमानो योयोल ने एक बयान में कहा,हां, हमने छह प्रमुख बिंदुओं पर अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया है।

### फिलीपींस के सैनिकों ने संघर्ष में छह संदिग्ध विद्रोहियों को किया ढेर

मनीला। फिलीपीन के सैनिकों ने मध्य फिलीपींस में एक संघर्ष में कम से कम छह संदिग्ध विद्रोहियों को मार गिराया। एक सैन्य जनरल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलीपींस के सैनिकों और न्यू पीपुल्स आर्मी (एनपीए) के बीच दूसरी बार झड़प हुयी है। फिलीपींस के सशस्त्र बलों के विसायस कमांड के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बेनेडिक्ट अरेवलो ने कहा कि सेना और एनपीए के बीच गुरुवार को नेग्रोस ऑक्सिडेंटल प्रांत के कबानकलान शहर के बाहरी इलाके में फिर से संघर्ष हुआ। लेफ्टिनेंट जनरल अरेवलो ने कहा कि सैनिकों ने झड़प स्थल पर .45 बोर की चार पिस्तौल, एक हथगोला, कई राउंड गोला बारूद और आठ मोबाइल फोन बरामद किए। इस महीने मध्य फिलीपींस में सेना और एनपीए के बीच यह दूसरी बार संघर्ष हुआ था। इससे पूर्व सात सितंबर को फिलीपींस सैनिकों ने बोहोल प्रांत में सिलसिलेवार झड़पों में कम से कम छह संदिग्ध विद्रोहियों को मार गिराया था। उल्लेखनीय है कि एनपीए विद्रोही और सेना के बीच 1969 से संघर्ष चल रहा हैं। एनपीए अपने हमलों को ग्रामीण इलाकों पर केंद्रित करते हैं और सेना के साथ झड़पें करते हैं। सैन्य आंकड़ों से पता चला है कि एनपीए में अनुमानतः दो हजार सदस्य रह गए हैं, जो 1980 के दशक से काफी कम हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं, ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
शनिवार 23 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### गणेश चतुर्दशी व बारावफात को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु की गयी पीस कमेटी की मीटिंग

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



**बलरामपुर।** थाना सादुल्लानगर परिसर में आगामी त्यौहार गणेश चतुर्दशी व बारावफात को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ग्राम प्रधान व जुलूस के आयोजकों तथा डीजे मालिकों के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग । क्षेत्राधिकारी ज्योति श्री द्वारा सभी से त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने तथा अफवाहों पर रोकथाम करने हेतु सभी को जागरुक करते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व टिप्पणी न करने के लिये युवको को समझाने के लिए बताया गया तथा किसी भी विषम स्थिति में तत्काल थाना या 112 पर सूचना देने के लिए निर्देशित किया। साथ ही शासन द्वारा प्राप्त आदेशों से अवगत कराते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी से अपील की गई। आपरेशन त्रिनेत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया गया।

### छत्तीसगढ़ - झारखण्ड से सटे उत्तरप्रदेश के नक्सली इलाके में पुलिस- पीएसी ने की कॉम्बिंग, दी ग्रामीणों को हिदायतें

सोनभद्र ।झारखंड – छत्तीसगढ़ बॉर्डर क्षेत्र के गुजरी व बैरखड गांव के जंगल से सटे उत्तरप्रदेश के कस्बे मे नक्सलियों व असामाजिक तत्व के गतिविधियों को लेकर पुलिस अधीक्ष के दिशा–निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक विंढमगंज श्याम बिहारी के नेतृत्व में पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ बार्डर इलाके से लगे जंगलों में सघन कांबिंग की गई। कांबिंग के दौरान थाना प्रभारी ने ग्रामीणों व चरवाहों से जंगल में मुलाकात के दौरान सबको भयमुक्त रहने और निर्भय भाव से गुजर – बसर करने की बात कही।कहा कि किसी भी अजनबी आदमी को जंगल के रास्ते में आते – जाते संदिग्ध अवस्था में कोई अनुभूति या अहसास होता हो तो ग्रामप्रधान ,चौकीदार को आवश्य बताएं।इसके साथ ही कहा प्रभारी निरीक्षक ने कि सभी लोग अपने–अपने घरों में सुरक्षित रहें।किसी भी अपरिचित व्यक्ति को अपने घरों में, गांव में शरण न दें। अगर कोई भी अपरिचित व्यक्ति आता है अथवा किसी भी प्रकार का कोई प्रलोभन देता है तो इसकी सूचना तत्काल गांव के चौकीदार अथवा थाने के मोबाइल नंबर पर दें।

### ओबरा में नगर व ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए सपा जिलाध्यक्ष ने किया मनोनयन

**डाला – सोनभद्र ।** ओबरा विधानसभा क्षेत्र के गजराज नगर में समाजवादी पार्टी की बैठक जिलाध्यक्ष राम निहोर कि अध्यक्षता में आहूत हुई ।बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देशन में समाजवादी पार्टी द्वारा अभिषेक प्रजापति को ब्लाक चोपन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया तो सुनील पँवार ओबरा नगर अध्यक्ष पद पर नामित किये गए।इसकी घोषणा जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव ने की सभा मन्च से। कामेश्वर प्रजापति ने उद्बोधन में आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष ने ब्लाक अध्यक्ष प्रजापति समाज से बना कर जो सम्मान प्रदान किया है इसके वे आभारी हैं ।बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया मनोनीत अध्यक्षों को। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामनीहोर यादव ,लोकसभा प्रभारी लोक विधान सभा अध्यक्ष परमेश्वर यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बिपिन सिंह कश्यप , जिला उपाध्यक्ष मुनीर अहमद ,रमेश यादव ,मुकेश जयसवाल,पवन पटेल ,अमरनाथ यादव , अखिलेश जिज्ञासु ,अमरेश यादव ,पवन यादव, सतेंद्र मोहन ओझा,सोनी अली,अनेक सेक्टर प्रभारी व बूथ प्रभारी उपस्थित रहे ।

### बिजली, विद्युत के डीपी के समीप गिरी, कुछ मकान और विद्युत उपकरण क्षतिग्रस्त

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के शिवपुरी के बस स्टैंड पर लगी बिजली की डीपी के पास आज शाम वर्षा के बीच बिजली गिरने से बस स्टैंड के आसपास स्थित कुछ मकानों में नुकसान पहुंचा तथा विद्युत उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शिवपुरी तथा जिले के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में कल से वर्षा का दौर जारी है।आज भी सुबह से बादलों की गरज के साथ रुक रुक कर वर्षा होती रही।इसी क्रम में आज शाम शिवपुरी के बस स्टैंड पर बिजली गिर गई जो वहां लगी विद्युत की डीपी के पास गिरी और बस स्टैंड के आसपास बने कुछ मकानों में नुकसान हुआ तथा विद्युत उपकरण क्षतिग्रस्त हुए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बिजली गिरने के कारण अभी तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### पिकअप वाहन से परिवहन किये रहे टीन शेड से दुपहिया वाहन सवार का गला कटा

बड़वानी। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के सिलावद थाना क्षेत्र में टीन शेड ले जा रहे पिकअप वाहन के अचानक रोक दिए जाने के चलते पीछे आ रहे दुपहिया वाहन चालक का गला कट जाने से मृत्यु हो गयी।सिलावद थाने के उप निरीक्षक जगदीश भालसे ने बताया कि 50 वर्षीय सिंदी निवासी मदन की कल रात्रि मृत्यु हो गयी।उन्होंने बताया की पाटी रोड पर स्थित शराब दुकान के समीप एक मोड़ पर अचानक पिकअप वाहन के रुकने और मोड़ पर आगे बढ़ाने के चलते उसमें लदे टीन शेड मदन के गले में घुस गए।गंभीर रूप से घायल मदन को सिलावद स्थित शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।उन्होंने बताया कि वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई कर वाहन जप्त कर लिया गया है।मदन के साथ दुपहिया वाहन में बैठे चंपालाल ने बताया कि अचानक ब्रेक लगाने के चलते उन्हें संभलने का मौका ही नहीं मिला और टीन शेड मदन के गले में घुस गए।

# 'योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध'

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन आयोजित हुए विभिन्न सत्र

ग्रेटर नोएडा।इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शुक्रवार को दूसरे दिन आयोजित हुए बीमा सत्र में प्रदेश के वित्त व संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और औधोगिक मंत्री नंद गोपाल नंदी ने शिरकत की। इस अवसर पर बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह ट्रेड फेयर उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाई तक ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि योगी सरकार में प्रदेश में उद्योगों को स्थापित करने का जो माहौल बनाया गया है, उससे दुनिया भर के निवेशक यहां निवेश में रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा ही तत्पर है, क्योंकि उद्योगों के बढ़ने से प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनिमी बनने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि निर्यातकों और एमएसएमई को बीमा जरूर कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज दैवीय आपदाएं बढ़ रही हैं, उससे बहुत अधिक नुकसान हो जाता है, ऐसे में अगर कंपनी का बीमा रहेगा तो उससे उन्हें 80 से 90 प्रतिशत नुकसान की भरपाई हो जाती है।

इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री राकेश सचान ने भी एमएसएमई से जुड़े कारोबारियों को बीमा करने पर जोर दिया। उन्होंने कानपुर की गारमेंट इंडस्ट्री में हुई आगजनी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि बहुत सी कंपनियों का बीमा नहीं था, अगर उनके पास बीमा होता तो उन्हें बहुत मदद मिल जाती। उन्होंने कहा कि इसीलिए एमएसएमई सेक्टर में भी बढ़ी कंपनियों की तरह बीमा प्रवृति को बढ़ाया जाए।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार उद्योगों के विकास को लेकर बहुत गंभीर है, क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के प्रति प्रतिबद्ध हैं।इसीलिए प्रदेश में लगातार उद्योगों की स्थापना के लिए सुगम माहौल बनाए गया है। योगी सरकार उद्यमियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।उन्होंने कहा कि यह ट्रेड शो अपने आप में अनोखा है और बार इतना बड़ा शो आयोजित किया गया है।

70 देशों के 500 बायर्स यहां आए हैं। निश्चित ही इससे प्रदेश में निवेश बढ़ेगा, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था ऊंचाई पर जाने के साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

इस अवसर पर बीमा सेक्टर के जानकर लोगों ने भी उद्योगों के लिए बीमा क्यों जरूरी है, इस संबंध में विस्तार से बताया।

### 25 सितंबर को सिसई घाट स्थित राप्ती नदी में श्री गणेश भगवान का प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



**बलरामपुर।** जनपद के भगवतीगंज में श्री श्री 108 श्री गणेश पूजा समिति भगवतीगंज बलरामपुर स्थान श्री बगिया बाबा मंदिर में श्री गणेश भगवान के पूजा में यजमान रहे विनय मिश्रा सह संयोजक अवध क्षेत्र भाजपा व उदासीन संगत गेल्हापुर के महंत बृजानंद जी महराज को श्री श्री 108 श्री गणेश पूजा समिति बगिया बाबा मंदिर के कमेटी के लोगों ने श्री गणेश भगवान का स्मृति चिन्ह व रामनवमी गमछा पहनाकर स्वागत किया जिसमे रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी ने बताया कि सुबह शाम मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड रहती है व गणपति बप्पा की आरती में शामिल होने व प्रसाद ग्रहण करने की श्रद्धालुओं मे होड मची रहती है व 25 सितंबर को भगवतीगंज से भव्य शोभायात्रा निकालकर नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करते हुए सिसई घाट स्थित राप्ती नदी में श्री गणेश भगवान का प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा जिसमे बगिया बाबा मंदिर के पुजारी जय नारायण शर्मा,पंडित धर्मेंद्र मिश्रा,श्री श्री 108 श्री गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक युवा समाजसेवी,संरक्षक प्रवीण गुप्ता,उपाध्यक्ष अतुल गौरव, अखिलेश गुप्ता,माधव राम गुप्ता,मंत्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता शुभम अग्रवाल,रिंकू कमलापुरी, कार्तिके महेश्वरी,आदि काफी संख्या में लोग आरती मे मौजूद रहे।

## सरकार को परिवार मानकर चला रहे : शिवराज सिंह

खंडवा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खंडवा जिले के हरसूद में तेंदूपत्ता संग्राहकों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार नहीं परिवार चला रहे हैं।बहनों के जीवन में खुशियां लाने के लिए भरपूर कोशिश करूंगा। जनता की सेवा ही सच्चा धर्म है।

चौहान ने जिले के हरसूद में खण्डवा, खरगोन, बुरहानपुर, एवं बड़वानी जिलों के 4। हजार 68 संग्राहक परिवारों को 10 करोड़ 11 लाख की बोनस राशि का वितरण किया। इन जिलों में वर्ष 2023 के कुल 29 हजार 520 तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के 82 हजार 74 से अधिक सदस्य शामिल किए हैं।इन जिलों मे इस वर्ष 38 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक क्रांति के माध्यम से जनता की जिंदगी में आयेगा बदलाव।अनेक विकास कार्य किए गए हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से बहनों की घर–परिवार में इज्जत बढ़ी है। इस योजना में मिल रही राशि बहनों का सम्मान है। अब एक हजार रुपए से बढ़ाकर बारह सौ पचास रूपए कर दिए गए हैं। जो अविवाहित बहनें इस योजना से छूट गई हैं उन्हें शामिल किया जाएगा। योजना में ढाई–ढाई सौ रुपए बढ़ाकर तीन हजार कर दिए जाएंगे। इस अवसर पर वन मंत्री विजय शाह भी उपस्थित थे।

चौहान ने कहा कि तेंदूपत्ता तोड़ने वाली बहनों को चप्पल, पीने के पानी की कुप्पी, साड़ी भी दे रहे हैं। उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## चिकित्सालय स्थापना हेतु जिला मुख्यालय पर चला चरणस्पर्श कार्यक्रम



**सोनभद्र ।** सोनभद्र शहर के पुराने चिकित्सालय परिसर में 24 घंटे चिकित्सालय चलाने, 2010 का लिखित आश्वासन पूर्ण कराने व अन्य जनसमस्या समाधान कराने हेतु जनता जनार्दन चरणस्पर्श अभियान में सोनभद्र बार एसोसिएशन कार्यालय पर चला चरणस्पर्श कार्यक्रम ।बार अध्यक्ष नरेंद्र पाठक ने उद्बोधित किया बार एसोसिएशन एवं मौजूद जनसमुदाय , वादी – प्रतिवादियों के हुजूम को और कहा कि सोनभद्र के सम्मानित नागरिकों के समक्ष अतीव प्रसन्नता के साथ कहना चाहता हूं ज्ञानेश्वर श्रीवास्तव जैसे जुझारू और सक्रिय तेवर – कलेवर के व्यक्तित्व पर जहाँ जन – जन की पीड़ा , दुःख दर्द के लिए सदैव तन्मयता से रत रहे हैं बगैर किसी लाभ – लोभ की अभिलाषा के , बिना किसी राजनैतिक दल से जुड़े , पद – प्रतिष्ठा से मुक्त रहते हुए।अपना बयान जारी रखा आगे और कहा कि आज भी उनका काम समाज में बहुत ही सार्थक तथा लोकप्रिय हो रहा है। कार्यालय में मुलाकात कर पुराने चिकित्सालय परिसर में 24 घंटे चिकित्सालय चलाने एवं अन्य जनहित की समस्याओं का समाधान कराने हेतु वार्ता किया। अस्पताल बन्द हो जाने से नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जो अत्यंत कठिन एवं दुरुह है आम अवाम के लिए। बार अध्यक्ष नरेंद्र पाठक ने कहा कि इस कठिन कार्य को आसान करने के लिए ज्ञानेश्वर श्रीवास्तव ने कदम उठाया है और इस परिप्रेक्ष्य में मैं जिलाधिकारी , मुख्य चिकित्साधिकारी से आग्रह करता हूं कि यह जटिल समस्या है , इनकी मांगे उचित हैं, इस न्याययोचित मांग को पूरा करने में अपना पूर्ण सहयोग दें , साथ ही यहाँ पर एक दो डाक्टर रात्रि में व दिन में बैठाकर नागरिकों का देखभाल करना तत्काल सुनिश्चित करें जिससे आने वाली समस्या का समाधान हो। ज्ञानेश्वर श्रीवास्तव के इस भागीरथ प्रयास की सराहना करते हुएबार अध्यक्ष ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करता हूं अभियान सफल होने का।महामंत्री आनन्द मिश्रा ने जनहित में शहर में चिकित्सालय खुलवाने हेतु अधिवक्ता शासन प्रशासन को पत्र प्रेषित करने की बात कही तो बार के पूर्व अध्यक्ष विनोद चौबे ने कहा कि पांच किलोमीटर दूर और वह भी किलर रोड पर चिकित्सालय होने से नागरिकों को बेहद परेशान होना पड़ता है ।इसके दृष्टिगत शहर में पुराने चिकित्सालय परिसर में चिकित्सालय खुलना अत्यंत आवश्यक है।पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा जनहित की समस्या से निजात कराने में अधिवक्ता सोनभद्र विकास मंच का पूरा सहयोग करेंगे। संयुक्त सचिव गीता गौर , अधिवक्ता जयशंकर त्रिपाठी , अनुज अवस्थी, आशीष कुमार पाल व प्रमोद कुमार सिंह के साथ उपस्थित सभी लोगों ने पूर्ण समर्थन देने को पुरजोर स्वरों में आश्वस्त किया।

## ब्लाकप्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव अब हुआ विचाराधीन

### नवसृजित कर्मा ब्लाक की प्रमुख पहुंची डीएम के पास , जांच सौंपी डीएम ने डीपीआरओ को



सोनभद्र ।ब्लॉकप्रमुख पद के लिए जिले के कर्मा ब्लॉक में रस्साकशी का दौर जारी है। आधे से अधिक क्षेत्रपञ्चायत सदस्यों की एकजुटता के बाद मामला पहुंचा था ब्लाकप्रमुख सीमा देवी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का और तिथि तय हो कर उद्घोषित हो गई थी 6 अक्टूबर को कर्मा ब्लॉक सभागार में बैठक की लेकिन सियासी मामला पेंच – दर – पेंच उलझता गया और वर्तमान ब्लॉक प्रमुख करमा सीमा देवी ने जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रत्यावेदन देते हुए कहा कि विपक्षीगणों ने आपके समक्ष प्रस्तुत न होकर अन्य अधिकारी के माध्यम से प्रत्यावेदन दिए हैं, जो नियम संगत नहीं है।ब्लाकप्रमुख ने इस प्रकरण गहराई में जा कर तथ्य – कथ्य की जांच करने की मांग मुखर की।इसे संजीदगी से लेते हुए शिद्दत के साथ जिलाधिकारी ने इस प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमानुसार जाँच कर आख्या उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।अब दौर जारी है जंग का पुन: बहस – मुबाहिसा के सँग।

यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा कि झंझावातों की परिणति क्या होगी , नतीजा किसके पक्ष में जायेगा लेकिन लम्बे अरसे से चल रहे अविश्वास के रूट मार्च के आरोह – अवरोह चक्र ने अंतिम पायदान के चक्र पर पहुंचते – पहुंचते फिर से चकरघिन्नी ले ली है और आशा – निराशा के हास – लास बीच नजाकत देख और तौल रहे हैं कर्मा विकासखण्ड के रहवासी।

## गिरीश गौतम 24 सितंबर को रीवा में करेंगे ईको पार्क का लोकार्पण

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष गिरीश गौतम 24 सितंबर को रीवा में ईको–पार्क का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसम्पर्क मंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार ईको–पार्क की परिकल्पना एवं विकास में जनसम्पर्क मंत्री शुक्ल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रीवा जिले में महानगर की तर्ज पर विकसित होने वाला प्रदेश का यह पहला ईको–पार्क होगा।

कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र सहित क्षेत्रीय विधायक तथा स्थानीय जन–प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में सायली कांबले, ऋषि सिंह और हर्षी मड द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जायेगी। जनसम्पर्क मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि ईको–पार्क से रीवा में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ही रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा।

बीहर नदी के तट में स्थित ईको–पार्क प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध है। ईको–पार्क की परिकल्पना में देश के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को भी ध्यान में रखकर सुविधाएँ विकसित की गई हैं।

## किसानों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

खरगोन। मध्यप्रदेश के खरगोन जिला मुख्यालय पर आज राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले बड़ी संख्या में किसानों ने कलेक्ट्रेट के समक्ष बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों के सर्वे और मुआवजे को लेकर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर आज रात्रि कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने अध्यक्ष शिवकुमार कक्का जी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के समक्ष बाढ़ के चलते खराब हुई फसल के सर्वे तथा मुआवजे के अलावा स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट में की गई सिफारिश को लागू करने की मांग के साथ प्रदर्शन किया।जिला कलेक्टर को 33 सूत्रीय ज्ञापन सौंपें जाने की मांग पर अड़े किसानों ने उनके नहीं आने पर अर्धनग्न होकर भुसावल चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर दिया।इसके चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी।

कक्का जी ने कहा कि प्रदेश व केंद्र की सरकारें हमारी उचित मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है।

## महिला उत्थान के बिना लोकतंत्र असंभव : बिंदू विश्वकर्मा

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

**बलरामपुर।** 27 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद आखिर संसद में महिला आरक्षण बिल को पेश किया गया।अब विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला जनप्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का मौका मिलेगा।

लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया।

संसद के विशेष सत्र के पहले ही दिन मोदी सरकार में विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस बिल को पेश किया। इस पर भाजपा जिला



महामंत्री बिंदू विश्वकर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया।

भाजपा जिला महामंत्री बिन्दू विश्वकर्मा का कहना है कि महिलाओं के उत्थान के बिना लोकतंत्र को मजबूत नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल से एक तिहाई महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

इस बिल से महिला सशक्तिकरण को मजबूती के साथ ही महिला प्रतिनिधित्व को भी बढ़ावा मिलेगा। बिंदू विश्वकर्मा ने कहा कि खुद अपनी पहचान बनाने वाली महिलाओं को प्रतिनिधित्व देकर बिल को वास्तविक अमली जामा पहनाकर मजबूती प्रदान की जाएगी।

यदि जो सत्ता में है ,उनकी ही पत्नी पाए तो वास्तविक मूल नहीं हो सकता इसका भी ध्यान रखा गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरगामी सोच का प्रतीक है।हर महिला को आरक्षण की जरूरत भी है।फिर वह चाहे किसी भी धर्म और जाति की हो।

लोकसभा विधानसभा और राजनीतिक पार्टियों में महिलाओं को आरक्षण मिलना शुरू हो जाएगा।

इससे समाज में उनकी स्थिति बदले। यह पीएम मोदी का मास्टर स्ट्रोक है। आखिरी पंक्ति में खड़ी हुई महिलाओं को भी उनका हक मिलना चाहिए। महिलाएं देश की आधी आबादी है। महिलाओं की मजबूती और उनके हित में यह बिल बहुत जरूरी था। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस बिल के लिए धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।

## जनजातीय युवा, शादी के पूर्व जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का मिलान करे : पटेल

भोपाल। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल रोग को वर्ष 2047 तक समाप्त करने के लिए जरूरी है कि जनजातीय समुदाय के युवा, शादी के पूर्व जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का मिलान करे। सिकल सेल रोगी युवक–युवती किसी भी अवस्था में आपस में विवाह नहीं करे।

श्री पटेल आज यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में टंट्या भील वार्ड लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।इससे पहले श्री पटेल ने एम्स में सिकल सेल वार्ड में जा कर राज्यपाल निधि से उपचाराधीन रोगियों से चर्चा की।उनके स्वास्थ्य की प्रगति के संबंध में चिकित्सकों से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में संस्थान द्वारा सिकल सेल बीमारी की जानकारी से संबंधित प्रचार सामग्री का लोकार्पण किया। उन्होंने एम्स परिसर में उनके द्वारा रोपित पौधे का अवलोकन कर सिंचित भी किया। राज्यपाल ने कहा कि गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जाँच अनिवार्य रूप से कराए। प्रसव के 72 घंटों के भीतर नवजात शिशु की जाँच भी कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिकल सेल रोग जनजातीय समुदाय के लिए कोरोना से भी अधिक घातक रोग है। अनुवांशिक रोग होने के कारण सिकल सेल पीढ़ी दर पीढ़ी बढ़ी संख्या में लोगों की जान ले रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें 50 वर्ष पूर्व कोरोना की भयावहता की जानकारी हुई थी। वे तभी से रोग उन्‌?मूलन के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब मंत्रिमण्डल के चिंतन शिविर में उन्होंने श्री मोदी को रोग के संबंध में जानकारी दी, जिस पर उन्होंने तत्काल उपचार और नियंत्रण के प्रयास गुजरात में प्रारम्भ कर दिये।आज गुजरात देश का ऐसा राज्य है, जहाँ जनजातीय समुदाय की 95 प्रतिशत आबादी की स्क्रीनिंग हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक रोग उन्‌?मूलन के लिए केन्द्र सरकार के बजट में 15 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया है।

## शांति, सौहार्द और सामाजिक समरसता के संवाहक थे प्रखर समाजसेवी योगेश शुक्ला

### लोकतंत्र सेनानी योगेश की चौथी पुण्यतिथि पर साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

सोनभद्र।मोती व्यर्थ बहाने वालों, कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नही मरा करता है , पद्मश्री गोपाल दास नीरज की यह पंक्तिया आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उस दौर में हुआ करती थी। बेबाक बोल, स्वतंत्र विचार, फक्कड़ी मिजाज, शान्ति, सौहार्द और कवि, लेखक, पत्रकार पं0 योगेश शेखर शुक्ल की चौथी पुण्यतिथि उनके न्यूकालोनी स्थित निज आवास पर देर शाम देर मनायी गयी। इस दौरान कवि, लेखक, पत्रकार व गण मान्य समाजसेवियों ने उनके तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

वरिष्ठ साहित्यकार पं0 पारसनाथ मिश्र की अध्यक्षता व प्रमुख




साहित्यिक संस्था सोन साहित्य संगम के संयोजक राकेश शरण मिश्र के संचालकत्व में विचार व कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित साहित्यकार, पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्व. शुक्ल के जीवन संघर्ष और संस्मरणों को साझा करते हुए श्रद्धांजलि स्वरूप शब्द सुमन अर्पित किया।

गोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए लब्ध प्रतिष्ठ साहित्यकार व समाजवादी चिन्तक अजय शेखर ने कहा कि स्व0 योगेश शुक्ल मेरे अत्यंत निकट रहे।

कवयित्री डॉ0ब रचना तिवारी के गीत के पंक्तियों से अपने विचारों को जोड़ते हुए कहा कि सपने मर गए तो जीवन बचता कहाँ है। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार पं0 पारसनाथ मिश्र ने कहा कि वैचारिक व सामाजिक संघर्ष से समाज को दिशा देने वाले स्व. शुक्ल जी के जीवन पर जब दृष्टि डालता हूँ तो वो भीष्म की भूमिका में दिखायी पड़ते हैं।

कथाकार रामनाथ शिवेन्द्र ने कहा कि योगेश शुक्ल के जीवन मूल्यों से हम लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए, उनका संघर्ष शासन–प्रशासन व व्यस्था से ही नही बल्कि स्वयं के जीवन से भी रहा और उन्होंने वैचारिक व सामाजिक मूल्यों को लेकर जीवन पर्यन्त संघर्ष किया उनका सम्पूर्ण जीवन हम सभी केलिए अनुकरणीय है।

इस अवसर पर कवयित्री गीतकार डा. रचना तिवारी, राष्टपति पुरष्कार प्राप्त शिक्षक ओम प्रकाश त्रिपाठी, संत कीनाराम पीजी कालेज के प्राचार्य डा. गोपाल सिंह, नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता, सपा के वरिष्ठ नेता हिदायत उल्ला खां, एडवोकेट शशांक शेखर कात्यायन, प्रखर गीतकार जगदीश पंथी, कवि शुशील राही, प्रदुम्न त्रिपाठी, अशोक तिवारी, प्रभात सिंह चन्देल, धर्मेश चौहान, कौशल्या कुमारी चौहान, अरुण तिवारी, राधेश्याम पाल, सुधाकर स्वदेशप्रेम, साहित्यकार दीपक कुमार केसरवानी, भाजपा नेता बलराम सोनी सहित शुक्ला जी के परिजन क्रांति चतुर्वेदी, विलियम शुक्ल, जेम्स शुक्ल, पुरु के साथ ही नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने अपने भावपूर्ण विचार व्यक्त कर उन्हें शत–शत नमन किया।